दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 194 | जयपुर | सोमवार, 19 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजधानी जयपुर में खुलेआम भ्रूण लिंग जांच और भ्रूण हत्या

## रिटायर सरकारी डॉक्टर अपने क्लिनिक में खेल रहा खूनी खेल



## साढ़े चार हजार रुपए से शुरू और फिर प्रेग्नेंसी के सप्ताह के अनुसार बढ़ता है चार्ज

- ब्रह्मपुरी स्थित जांच केन्द्र से कराई जा रही है सोनोग्राफी
- डॉक्टर से फोन पर बात करने के बाद सोनोग्राफी सेंटर कर देता है जांच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर से चिकित्सा विभाग भ्रूण जांच और भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान को लीड करता है। गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में जाकर डिकॉय ऑपरेशन करता है और कन्या भ्रूण हत्या के अपराधियों को गिरफ्तार भी करता है, सोनोग्राफी मशीनें भी सीज करता है। उसी राजधानी जयपुर में खुलेआम लिंग जांच हो रही है और गर्भपात भी किए जा रहे हैं।

जी हां चांदी के चंद टुकड़ों के लिए ये खेल एक रिटायर्ड सरकारी चिकित्सक खेल रहा है। जयसिंह पुरा खोर में स्थित सिंगोदिया अस्पताल इस खेल को पिछले कई सालों से खेल रहा है।

बढ़ता राजस्थान को जब लगातार इस चिकित्सक और उसके क्लिनिक की शिकायत मिली तो एक ट्रैप (स्टिंग ऑपरेशन) कराया जिसमें हमारे संवाददाता एक प्रेग्नेंट महिला और उसके पति के रूप में पुरूष संवाददाता ने कैमरे पर सब कुछ रिकॉर्ड कर लिया। भ्रूण हत्या का मुख्य किरदार कैमरे पर अपना नाम भी बता रहा है और खुद को जनाना अस्पताल से रिटायर्ड बता रहा है। वह यह भी कहता है कि उसके अपने सम्पर्कों के चलते उसके पास कई मामले आते हैं जो दूसरे चिकित्सक भेजते हैं। कैमरे पर चिकित्सक ने ये भी कहा कि अभी कल ही एक साढ़े चार माह की डीएनसी की है। बेशर्म चिकित्सक डीएनसी के लिए महिला संवाददाता को प्रेरित करते हुए यहां तक कह रहा है कि वे लोग ही गर्भपात के लिए आते हैं जिनको पहले से कई लड़कियां है। फिर उनकी जांच कराते हैं और लड़की होती है तो डीएनसी कर देते हैं। उसने ब्रह्मपुरी के एक सोनोग्राफी सेंटर पर रिकमंड किया। चिकित्सक की पर्ची, वीडियो फुटेज बढ़ता राजस्थान के पास सुरक्षित हैं।

### चिकित्सक ने मामले को बताया फर्जी, तो हमारी जिम्मेदारी है पूरे खुलासे की

मामले में चिकित्सक से पक्ष जानना चाहा तो उसने साफ इंकार कर दिया कि ये सब फर्जी है। ऐसे में अब बढ़ता राजस्थान का जनहित में ये दायित्व हो जाता है कि इस मामले की सिलसिलेवार सारी परतें खोले। अत: आप लगातार पढ़ते रहे बढ़ता राजस्थान में।

# हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, 17 की मौत

## चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग, मृतकों में 8 बच्चे भी थे; संकरी सीढ़ी से निकल नहीं पाए



बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

### चश्मदीद बोला- सभी मृतक एक ही परिवार के

चश्मदीद जाहिद ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि मुख्य दरवाजे से अंदर नहीं जा सके, शटर और दीवार तोड़कर पहली मंजिल पहुंचे, लेकिन सब जल चुका था। फायर ब्रिगेड ने अच्छा काम किया, पर आग तेज थी। सभी मृतक एक ही परिवार के थे, पीछे से कोई रास्ता नहीं था।

### स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म से बुझाई आग

आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया है। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म एक बड़ी फायर ब्रिगेड पर लगा होता है। इसमें एक लंबा हाइड्रॉलिक आर्म होता है, जो ऊपर-नीचे और घूम सकता है। इस आर्म के ऊपर एक प्लेटफॉर्म होती है, जिसमें फायरमैन खड़े होकर ऊंची इमारतों तक पहुंच सकते हैं।



**पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया**-घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएमओ ने ट्वीटर पर लिखा - हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

**मंत्री प्रभाकर का दावा- ज्यादातर लोगों की मौत हो गई**-तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि आग सुबह करीब 6 बजे लगी और 6:16 बजे तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग बहुत तेजी से फैल चुकी थी। उन्होंने बताया कि इमारत में रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### नए पोप लियो-14 ने शपथ ली

**खुली कार में पहुंचे, कार्डिनल ने अंगूठी पहनाई, अब यही उनकी मुहर; 200 वर्ल्ड लीडर्स मौजूद रहे**



बढ़ता राजस्थान

**वेटिकन (एजेंसी)।** वेटिकन में सेंट पीटर स्क्वायर पर नए पोप लियो-14 का शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है। इसमें शामिल होने के लिए दुनिया भर से कई नेता वेटिकन पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम में हजारों लोग भी शामिल हुए है।

यह कार्यक्रम भारतीय समयानुसार 1:30 बजे शुरू हुआ। नए पोप और अन्य कैथोलिक चर्च के नेता शपथ ग्रहण शुरू होने से पहले बेसिलिका के अंदर सेंट पीटर की कब्र पर गए, और प्रार्थना किया। शपथ ग्रहण का पूरा कार्यक्रम करीब 2 घंटे तक चला। पोप को एक धार्मिक वस्त्र और एक अंगूठी दी गई। धार्मिक वस्त्र नए पोप के पदभार ग्रहण करने का प्रतीक होता है। वहीं, कैथोलिक प्रथा और परंपरा के मुताबिक अंगूठी इस बात का संकेत होती है कि पोप कैथोलिक चर्च के प्रमुख और सेंट पीटर के उत्तराधिकारी हैं, जो पेशे से मछुआरे थे।

### सेना पर कमेंट करने वाला प्रोफेसर खान गिरफ्तार

**सोनीपत पुलिस ने 2 एफआईआर दर्ज कीं; महिला आयोग अध्यक्ष के सामने पेश नहीं हुआ था**

**सोनीपत।** हरियाणा में सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर कमेंट करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत पुलिस ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से गिरफ्तार कर लिया है। अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले इस प्रोफेसर ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की थी। सोनीपत के डीसीपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रोफेसर अली खान के खिलाफ राई थाना में 2 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली एफआईआर जठेडी गांव के सरपंच की शिकायत पर हुई है।

# यूट्यूबर ज्योति पहलगाम हमले के पहले पाकिस्तान गई थी

## भारत से निकाले गए पाकिस्तानी अफसर से संबंध

बढ़ता राजस्थान

**हिसार (एजेंसी)।** जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को लेकर हरियाणा पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। हिसार के एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि पहलगाम हमले से पहले ज्योति पाकिस्तान गई थी।

पाकिस्तानी उसे एसेट के तौर पर डेवलप कर रहे थे। वह अन्य यूट्यूबर्स के संपर्क में थी। वह स्पॉन्सर्ड ट्रिप पर पाकिस्तान जाती थी। भारत से निकाले गए पाकिस्तानी अफसर दानिश से ज्योति की नजदीकी थी। उसके यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो पर अपलोड किए गए वीडियो से ही इस बात का पता चला। इसके बाद पूछताछ में ज्योति ने इस बात की पुष्टि की। पुलिस इसके टेरर लिंक की भी जांच कर रही है। उसे संवेदनशील जानकारी साझा करने और पाकिस्तानी नागरिक के साथ लगातार संपर्क में रहने की वजह से



गिरफ्तार किया गया है।

उधर, ज्योति के ओडिशा की यूट्यूबर प्रियंका सेनापति से लिंक सामने आए हैं। पुरी पुलिस ने प्रियंका के घर जाकर पूछताछ की। ज्योति सितंबर 2024 में पुरी प्रियंका से मिलने आई थी। प्रियंका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की ज्योति से दोस्ती यूट्यूब के जरिए हुई थी। उनकी बेटी ने 3-4 महीने पहले एक अन्य दोस्त के साथ करतारपुर साहिब की यात्रा की थी। उनके साथ ज्योति नहीं थी।

# इसरो के 101 वें सैटेलाइट का लॉन्च विफल

## तीसरे स्टेज में गड़बड़ी आई, इसरो चीफ बोले- हम जांच कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** इसरो ने रविवार सुबह 5.59 मिनट बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल के जरिए अपना 101वां सैटेलाइट ईओएस-09 (अर्थ ऑब्जर्वेटरी सैटेलाइट) लॉन्च किया, लेकिन ये लॉन्चिंग सफल नहीं हो सकी।

पहले और दूसरे फेज में सफल होने के बाद तीसरे फेज में ईओएस-09 में गड़बड़ी का पता चला। इसरो चीफ वी नारायणन ने कहा- आज 101वें प्रक्षेपण का प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य था। तीसरे चरण में ऑब्जरवेशन के कारण मिशन पूरा नहीं हो सका है। यह पीएसएलवी की 63वीं उड़ान थी, जबकि पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करते हुए 27वीं उड़ान थी। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक मनीष पुरोहित ने बताया था कि ईओएस-09 पहले के आरआईएसएटी-1 का फॉलो ऑन मिशन है। इसरो ने ट्वीटर पोस्ट में लॉन्चिंग के बारे में लिखा- ईओएस-09 की ऊंचाई 44.5 मीटर है। वजन 321 टन है। यह 4 फेज में बनाया गया है। मिशन में ईओएस-09 सैटेलाइट को सन सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित करना था।

ईओएस-09 रिमोट सेंसिंग डेटा देने के लिए डिजाइन किया गया है। ईओएस-09 को



खासतौर पर घुसपैठ या संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद एंटी टेररिस्ट ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## वर्धमान नगर में एक लाइब्रेरी में हुई छात्र से मारपीट की घटना के विरोध में दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया




बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वर्धमान नगर में एक लाइब्रेरी में हुई छात्रों से मारपीट की घटना के विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। क्षेत्र के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर आंदोलन में हिस्सा लिया।घटना शुक्रवार की है, जब वर्धमान नगर निवासी तरुण शर्मा (18) एक लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान आपसी विवाद में एक छात्र कुछ बदमाशों को लेकर आया और तरुण व उसके साथी से मारपीट की। इस घटना में तरुण घायल हो गया। घायल के पिता रविकांत शर्मा ने शनिवार को नई मंडी थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।सुबह 7 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में नई मंडी थाना प्रभारी आरपीएस कुलदील सिंह जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी को 5 मुख्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। इनमें क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना, नियमित पुलिस गश्त, सड़क की लाइटों का सुचारु संचालन और निजी लाइब्रेरी का भौतिक सत्यापन शामिल हैं।प्रदर्शन में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, पार्षद हरभान सिंह, पार्षद राजेंद्र शर्मा, ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा समेत विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## अंबेडकर विचार मंच की बैठक संपन्न
### अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित समारोह के आय-व्यय का ब्यौरा किया प्रस्तुत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** डाक बंगला में छीतरमल गंगवाल की अध्यक्षता में अंबेडकर विचार मंच की बैठक आयोजित हुई। संचालन कर रहे महामंत्री हेमराज वर्मा नानेर ने बताया कि बैठक में अंबेडकर विचार मंच के कोषाध्यक्ष कैलाशचंद बैरवा ने अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित समारोह के आय–व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एवं पूर्व में प्राप्त नकद राशि शेष है वह राशि 31 मई तक अंबेडकर विचार मंच में जमा करवा सकते है। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन व्यक्तियों के पास रसीद की राशि बाकी है वह संस्था के खाते में या अंबेडकर विचार मंच के कोषाध्यक्ष को ऑनलाइन माध्यम से भुगतान कर सकते है। सभी सदस्यों ने प्रस्तुत आय व्यय का अनुमोदन किया। सूर्यप्रकाश कंवरिया ने बताया कि अंबेडकर विचार मंच की केश बुक की सोशल ऑडिट करने के लिए सदस्यों की कमेटी गठित की गई। जिसमें पंचायत समिति के सहायक अधिकारी चिरंजीलाल बैरवा, वरिष्ठ सहायक अधिकारी लोकेश वर्मा व मोहनलाल सालोदिया को सोशल ऑडिट अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान शंकरलाल हाथीवाल, छीतरमल गंगवाल, रमेशचंद मीणा ने बताया कि 15 जून तक अंबेडकर विचार मंच की नवीन कार्यकारिणी गठित की जाए। बैठक में अध्यक्ष कमलेश किराड़, महामंत्री हेमराज वर्मा, रमेशचंद बैरवा, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद बैरवा, रवि वर्मा, रामगोपाल सेवालिया, बाबूलाल कंवरिया व कैलाशचंद बैरवा ने भी विचार व्यक्त किए।

## उच्च रक्तचाप जागरूकता माह पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनसीडी क्लिनिक द्वारा रविवार को प्रात: 10.00 बजे विश्व उच्च रक्तचाप जागरूकता माह के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सा अधिकारी नर्सिंग अधिकारी और अन्य स्टाफ ने यह शपथ ली कि हम आमजन को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक करेंगे और समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भारत भूषण जांगिड़, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लोकेश अनुपाणी, निश्चेतन विशेषज्ञ डाक्टर संजौली सोनी, डॉ प्रशांत रस्सेवट, नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र पारीक, नर्सिंग अधिकारी भेरू सिंह जोधा, आईपीडी इंचार्ज रीना जॉर्ज, लेबर रूम इंचार्ज किरणा, नर्सिंग अधिकारी मंजू, नर्सिंग अधिकारी उषा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, सकटू राम, योगेश कुमारी, सूरज कुमार, उमेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल के कार ने मारी टक्कर, दो गंभीर घायल
### उपचार के दौरान देर रात को एक की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शनिवार की रात एक मोटरसाइकिल के कार ने टक्कर मार दी। इस सडक़ दुर्घटना में एक जने की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बरोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि रामअवतार 40 वर्ष पुत्र बजरंगलाल बैरवा निवासी बादपुर थाना खंडार जिला सवाईमाधोपुर व कमलेश कुमार पुत्र सीताराम बैरवा निवासी धनवा थाना खातोली जिला कोटा ग्रामीण मोटरसाइकिल पर सवार होकर खंडार, सवाईमाधोपुर जा रहे थे। इसी दौरान गांव अभयपुरा मोड़ पर एक कार ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। इस वाहन दुर्घटना में दोनों जनें गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस ने उप जिला अस्पताल निवाई में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां से दोनों को चिंताजनक हालत में सआदत अस्पताल टोंक रैफर कर दिया।

जहां इलाज के दौरान कमलेश कुमार पुत्र सीताराम बैरवा निवासी धनवा पुलिस थाना खातोली जिला कोटा ग्रामीण की देर रात मृत्यु हो गई। पुलिस ने रविवार की सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवारजनों को सौंप दिया।



## ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला की शुरुआत, बच्चों में बढ़ रहा अभिनय के प्रति रुचि

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** एक्स्ट्रा एन आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्यूनिटी थियेटर टोंक सोसाइटी द्वारा रंगमंच कार्यशाला 2025 की शुरुआत बच्चों, युवाओं एवं अभिभावक मीटिंग के साथ किया गया। इस प्रारंभिक बैठक में कार्यशाला के उद्देश्य, उसकी कार्यप्रणाली तथा बच्चों की सहभागिता से माता–पिता की अपेक्षाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उन बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा किए जो पिछले वर्ष की कार्यशाला का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि रंगमंच ने कैसे उनके आत्मविश्वास, संवाद शैली और सामूहिक कार्यक्षमता को बेहतर किया।

कार्यशाला के सुगमकर्ताओं ने भी समूह के उद्देश्यों, कार्यक्रम की रूपरेखा और बच्चों के समग्र विकास पर रंगमंच के प्रभाव को साझा किया। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के साथ एक संवेदनशील, रचनात्मक और सीखने के अनुकूल वातावरण में कार्य किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता और सामाजिक समझ को विकसित करना है, जिससे वे न केवल मंच पर बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। कम्युनिटी थिएटर टोंक पिछले 6 वर्षों से बच्चों और युवाओं के लिए नाट्य कार्यशाला का आयोजन कर रहा हैं। इस यात्रा में अभी तक शहर के 800 से अधिक बच्चें रंगमंच की विधाओं को समझते हुए कई प्रभावी नाट्य प्रस्तुतियां मंचित कर चुके हैं।

यह कार्यशाला न केवल अभिनय कौशल विकसित करने का माध्यम होगी, बल्कि यह बच्चों और युवाओं में आत्म–अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और टीम वर्क जैसे गुणों को भी बढ़ावा देगी। 2 समूहों में चल रही इस कार्यशाला में बतौर सुगमकर्ता शुभम मेघवंशी तथा मोहित वैष्णव बच्चों के साथ एवं रामरतन गुगलिया, अमन तसेरा, आशीष धाप युवाओं के साथ प्रशिक्षक की भूमिका में तथा चितरंजन नामा, आफताब नूर, राजकुमार रजक सहायक भूमिका में होंगे।

इस वर्ष बच्चों की यह रंगमंच कार्यशाला 6 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए 15 मई से 20 जून तक प्रात: 7.30 से 9.30 बजे तथा 16 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के लिए शाम 4.30 से 7.30 बजे तक卐एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो卐 देव नगर, कृषि मंडी के सामने निरंतर ज़ारी हैं।

## इंटर स्कूल प्रीमियर लीग में एसपीएसयू की रही शानदार भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी (एसपीएसयू) ने नाथद्वारा स्थित अत्याधुनिक मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित इंटर स्कूल प्रीमियर लीग में सहयोगी की भूमिका निभाकर गौरवमयी उपस्थिति दर्ज करायी। 17 मई तक चले इस पांच दिवसीय भव्य टूर्नामेंट में राजस्थान के 15 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, जिससे खेल भावना, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा।

यह आयोजन युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाले स्टेडियम में खेलने का दुर्लभ अवसर था। कई छात्रों के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा अनुभव था। पूरे सप्ताह चले इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला ने दर्शकों और समर्थकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फाइनल मुकाबले में सीपीएस स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। उनकी टीम भावना, अनुशासन और रणनीतिक खेल की सभी ने प्रशंसा की।




एसपीएसयू के अध्यक्ष एवं कुलपति डॉ. पृथ्वी यादव ने विजेता टीम को हार्दिक बधाई दी और सभी भाग लेने वाले विद्यालयों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर की टीम को विशेष धन्यवाद भी दिया, जिनके उत्कृष्ट प्रबंधन और आतिथ्य से यह आयोजन स्मरणीय बन सका। विजेता टीम को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह कर्नल नीरज कुमार और डी. के. गुप्ता ने प्रदान किए। इस अवसर पर सुनील पांडे और सुमेर सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने समापन समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

यह आयोजन एसपीएसयू की समग्र शिक्षा, खेल प्रोत्साहन और सामाजिक सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा, जिसने विद्यार्थियों, शिक्षकों और दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी।

## नारी शक्ति का प्रतीक बनी मंजुला, दिल्ली तक पदयात्रा जारी
### भ्रष्टाचार और महिलाओं पर अत्याचार रोकने के लिए सख्त कानून जरूरी : मंजुला नेगीमुका

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** महिला हिंसा और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अनोखी पहल करते हुए कर्नाटक के रायचूर जिले के बेडणि गांव की 25 वर्षीय मंजुला नेगीमुका दिल्ली तक पदयात्रा पर निकली हैं। रविवार को प्रागपुरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एलबीएस कॉलेज पूर्व महासचिव दीपिका स्वामी ने मंजुला की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों और समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मंजुला जैसे साहसी व्यक्तित्व की आवश्यकता है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया ने मंजुला की पहल को नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए उनके साहस और संघर्ष की सराहना की और कहा कि मंजुला की यह पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करेगी। मंजुला ने 25 मार्च को अपने गांव बेडणि से इस पदयात्रा की शुरुआत की थी और अब तक 52 दिनों में 1800 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी हैं। उनका




कहना है कि देश में बढ़ते भ्रष्टाचार और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए सख्त कानून जरूरी हैं। मंजुला दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना चाहती हैं और उन्हें एक विनती पत्र सौंपना चाहती हैं। मंजुला का मानना है कि सख्त कानून से महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी और भारत की पहचान दुनिया में मजबूत होगी। अब वे जयपुर होते हुए दिल्ली की ओर यात्रा जारी रखेंगी। इस दौरान ग्रामीणों ने मंजुला के विश्राम के लिए हनुमान मंदिर में जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, राधेश्याम सैनी, मुन्ना लाल सैनी, गिरधारी ठेकेदार, बाबूलाल सैनी, जयराम कुम्हार, हजारी लाल सैनी, महेन्द्र सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, सुरेश मेहरा, विनोद प्रजापति, भागीरथ सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक रामसहाय वर्मा से चौहान कॉलोनीवासियों ने समस्याओं को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** चौहान एनक्लेव निवासियों ने विधायक रामसहाय वर्मा को कॉलोनी की समस्या से अवगत करवाया।

कॉलोनीवासी हेमराज वर्मा नानेर ने बताया कि कॉलोनी में तीन दिन से विद्युत सप्लाई पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। पावर में कमी होने के कारण कूलर व पंखे नहीं चल पा रहे हैं जिससे कॉलोनीवासी एवं छोटे नन्हे बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही है। उनको तेज गर्मी से पढाई में व्यवधान हो रहा है। लाइट का पावर कम आने के कारण तीन दिन से पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। उक्त समस्याओं को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने तुरंत प्रभाव से विद्युत विभाग, जलदाय विभाग व संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सभी समस्याओं का




तुरन्त समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक वर्मा ने कॉलोनी निवासियों को विश्वास दिलाया कि कॉलोनी की प्रत्येक समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर बाबूलाल शर्मा, लच्छू शर्मा, रतिराम शर्मा, हेमराज वर्मा, दिलीप सिंह, सत्यनारायण शर्मा, हनुमान शर्मा, विष्णु शर्मा व नरेश गुर्जर सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे।

## मेगा केम्प में 250 मरीजों की निशुल्क जाँच कर इलाज का परामर्श दिया गया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** अग्रवाल हॉस्पिटल टोंक, सृष्टि हॉस्पिटल जयपुर तथा भारत विकास परिषद, टोंक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल वाल हॉस्पिटल टोंक में नि:शुल्क मेगा जांच एवं परामर्श कैंप का आयोजन किया गया।निदेशक डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल एवं डॉ. सुषमा अग्रवाल ने बताया कि स्वस्थ रहने का सभी को अधिकार है। महंगाइ के दौर में इस तरह के नि:शुल्क कैंप से मरीजों को राहत मिलती है। भारत विकास परिषद के सचिव राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नि:शुल्क कैंप में टोंक व जयपुर से पधारे डॉक्टर्स का भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रमेश काला कोषाध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा व प्रकल्प प्रभारी अशोक कक्कड़ ने सुपर स्पेषलिस्ट डॉ. आकाश राजेन्द्र गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, डॉ. सुशमा अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विषेशज्ञ, डॉ. सुरेन्द्र अग्रवाल एमडी जनरल मेडिसन, डॉ. प्रोजल मोहरजाल, यूरोलॉजी मूत्र एवं गुर्दा रोग विषेशज्ञ, डॉ.पुनीत बंसल न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन, डॉ. महेन्द्र मीणा जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ. ओमप्रकाष भीमवाल ऑर्थोपेडिक्स, अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विषेशज्ञ, डॉ. अंकित षर्मा, प्लास्टिक सर्जन, डॉ. निखिल सोनी, ईएनटी का परिषद का अंग वस्त्र ओढाकर सम्मान किया। इस मैगा कैम्प के दौरान 250 मरीजों को नि:षुल्क जाँच कर एवं परामर्ष देकर इलाज किया गया । शिविर में ईसीजी, सीबीसी, बीपी, ब्लड सुगर, बीएमआई की जॉंचे नि:षुल्क की गयी । भा वि प के अध्यक्ष रमेश काला ने सभी डॉक्टर्स, हॉस्पीटल स्टाफ, मरीजों के परिजनों एवं परिषद के सदस्यों का इस मेगा केम्प की सफलता में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## पावटा में नि:शुल्क चिकित्सा और रक्तदान शिविर 20 मई को
### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर जरूतमंद के लिए लाभदायक : जगदीश मीणा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** समाज सेवी स्व. भगवान सहाय मीणा की पुण्य तिथि पर आगामी मंगलवार, 20 मई को चन्द्र महल होटल, पावटा में विशाल चिकित्सा व नेत्र चिकित्सा शिविर एवं जनहित में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्व. भगवान सहाय मीणा को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रीय संस्कार सेना के राष्ट्रीय संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा ने कहा कि यह शिविर समाज के जरूतमंद लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। जगदीश मीणा ने नगरपालिका पावटा–प्रागपुरा समेत कोटपूतली–बहरोड़ व बानसुर, विराटनगर, शाहपुरा व जमवारामगढ़ तहसील क्षेत्रों का दौरा कर कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों से मुलाकात कर शिविर सम्बन्धित चर्चा की। पण्डित सुरेश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में सभी जरूतमंद व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जायेगी और शिविर के माध्यम से हॉस्पिटल में मोतिया बिंद का ऑपरेशन भी नि:शुल्क होगा। रामकरन मीणा ने कहा कि जरूतमंद व्यक्तियों को कान की मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। जयसिंह मीणा ने बताया कि रक्तदाताओं से रक्त संग्रह किया जाएगा जो जरूतमंद मरीजों के लिए उपयोगी होगा। बागावास में पण्डित सुरेश शर्मा, कोटपूतली डाक बंगला में पूर्व सरपंच रामकरन मीणा, बानसुर में इंजीनियर जयसिंह मीणा, विराटनगर में प्रेम सैनी और वीरेंद्र सैनी, शाहपुरा कस्बे में दीपक मालाकार, जमवारामगढ़ में बनवारी लाल और राकेश चारणवास ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली और शिविर के आयोजन को लेकर चर्चा की। जगदीश सेन ने बताया कि यह शिविर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

महेंद्र मीणा ने कहा कि हमें समाज के जरूतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। जगदीश खेलना, रामअवतार स्वामी और हरिराम सिसोदिया ने भी शिविर के आयोजन में अपना सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर जगदीश मीणा ने बताया कि शिविर में सभी जरूतमंद व्यक्तियों का स्वागत है और उन्हें नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है।

## मूंगफली व बाजरा में सफेद लट नियंत्रण लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण,



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में मूंगफली व बाजरा उत्पादक किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा के कीट विज्ञान विभाग के अखिल भारतीय भूमिगत पीडक सन्धिपाद नेटवर्क परियोजना के तहत कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने मूंगफली के उत्पादक किसानों को मूंगफली व बाजरा की उन्नत किस्मों, बीज की मात्रा व उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण आदि के बारे में किसानों को जानकारी दी। सफेद लट परियोजना के वैज्ञानिक डॉ. मुकेशकुमार निठारवाल ने किसानों को बताया कि मूंगफली व बाजरा में सफेद लट नियंत्रण के लिए फेरोमोन टेऊप व प्रकाश प्रपंच का प्रयोग किया जाये ताकि सफेद लट के भृंग कीट उसकी ओर आकर्षित होता है जिससे उसको नियंत्रण कर सकते है। खडी फसल में नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 500 मिली प्रति हैक्टेयर प्रयोग करें । पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार चैधरी ने मूंगफली व बाजरा मे लगने वाले कीटों के बारे मे बताया तथा सफेद लट के भृंग को नियंत्रण करने के लिए मानसून की पहली वर्षा के दिन में खेत के पास के छोटे वृक्ष जैसेनीम, बेर, जामुन आदि पौधो पर कीटनाशी का स्प्रे करें तथा मूंगफली में दीमक व सफेद लट की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 600 एफएस का 6.5 मिली या फिप्रोनिल 5 एससी का 10 मिली प्रति किलो बीज दर से बीजोपचार करके बुवाई करें। वही बाजरा के बीजोपचार के लिए इमिडाक्लोप्रिड 600 एफएस का 8.5 मिली प्रति किलो बीज दर से बीजोपचार करके बुवाई करें। मूंगफली व बाजरा में सफेद लट के नियंत्रण हेतु सभी किसानों को किट प्रदान किये गये।

एब्डोमिनल कैंसर डे: मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉकथॉन का आयोजन

# समय पर एब्डोमिनल कैंसर की पहचान और इलाज के महत्व को उजागर करता राष्ट्रव्यापी वॉकथॉन

**पेट से जुड़े कैंसरों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हजारों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के तत्वावधान में इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) के सहयोग तथा फोर्टिस हॉस्पिटल के समर्थन से देशव्यापी स्तर पर मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक का आयोजन एब्डोमिनल कैंसर डे के कर्टेन रेज़र इवेंट के रूप में किया गया, जिसमें पेट से जुड़े कैंसरों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इस वॉक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने बैंगनी रंग की टी-शर्ट पहनकर एकजुटता का परिचय दिया — एक ऐसा रंग जो कैंसर सर्वाइवर की उम्मीद और साहस का प्रतीक माना जाता है। यह वॉक देश के 25 प्रमुख शहरों में एक साथ आयोजित की गई, जिसमें कैंसर के प्रति समय रहते पहचान और सही इलाज की आवश्यकता को लेकर एक सशक्त संदेश दिया।

जयपुर में यह इंटरसिटी वॉक ऐतिहासिक जलेब चौक से आरंभ होकर जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और हवामहल होते हुए पुनः जलेब चौक पर संपन्न हुई। इस अवसर पर राजस्थान कर्मचारी बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, एब्डोमिनल कैंसर डे फाउंडर डॉ संदीप जैन, आरपीएस हरिशंकर जी, एडिशनल एसपी दुर्ग सिंह राजपुरोहित, ज़ोवाटालिया से मुकेश गुप्ता जी, फॉर्टिस हॉस्पिटल एमएस डॉ मणिकांत, फॉर्टिस हॉस्पिटल डीएमएस जतिंदर मोंगा, फोर्टिस हॉस्पिटल मार्केटिंग हेड मंजीत सिंह, जयपुर रनर्स क्लब के प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, एडवोकेट कमलेश शर्मा, आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वॉक में भाग लिया।

**25 से अधिक शहरों** - जैसे दिल्ली, जयपुर, लुधियाना, भावनगर, बाड़मेर और कोटा में हजारों लोगों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, छात्रों और स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लेकर जागरूकता बढ़ाई।

एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने कहा, 卐लोगों की ये ऐतिहासिक भागीदारी बताती है कि मिलकर चलने से हम गंभीर बीमारियों के खिलाफ बड़ी चेतना जगा सकते हैं। पेट से जुड़े कैंसरों को लेकर अभी भी जानकारी की कमी है - सही जीवनशैली, नियमित जांच और जागरूकता ही बचाव का सबसे सशक्त साधन है।

इस अभियान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर द्वारा पोस्टर लॉन्च किया गया। इसके अतिरिक्त देशभर के 10 शहरों में 'सिटी एम्बैसडर्स' की नियुक्ति की गई, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसी श्रेणी में 19 मई को विश्व एब्डोमिनल कैंसर दिवस मनाया जाएगा जिसमें लाइव ग्लोबल कन्वर्सेशन के साथ पैनल डिस्कशन किया जाएगा और एब्डोमिनल कैंसर को लेकर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने फीता काटकर किया नवनिर्मित संस्कृति भवन का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एमपीएस प्रताप नगर के रुद्राक्ष सभागार में एमपीएस संस्कृति के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम,उद्योगपति व समाजसेवी राजकिशोर मालपानी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर माहेश्वरी शिक्षा समिति के अध्यक्ष केदार मल भाला,उपाध्यक्ष बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा मधुसूदन बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए अनिल शारदा, विद्यालय के मानद सचिव सीए गणेश बांगड़, विद्यालय के भवन मंत्री अजय सारड़ा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति में उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया।

ईसीएमएस के अध्यक्ष केदार मल भाला द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत कर भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

महासचिव शिक्षा मधुसूदन बिहानी ने ईसीएमएस की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अतिथियों को शिक्षा समिति की व्यापक व दूरगामी सोच से परिचित कराया। विद्यालय के मानद सचिव सीए गणेश बागड़ द्वारा संस्कृति विद्यालय का विजन और मिशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के साथ संस्कारों, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ने का विश्वास प्रदान किया गया।

विद्यालय के भवन मंत्री अजय सारडा ने संस्कृति विद्यालय के भवन निर्माण की संपूर्ण यात्रा का विवरण प्रस्तुत कर भवन निर्माण से जुड़े सभी सक्रिय कारकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रकट किया। कार्यक्रम में



अतिथि जवाहर सिंह बेढम द्वारा विद्यालय परिवार को नवीन शिक्षा केंद्र के उद्घाटन के लिए बधाई दी गई और कहा कि यह समारोह केवल एक इमारत के उद्घाटन का नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कृति, संस्कार और भविष्य के निर्माण की नींव रखने का प्रतीक बनेगा। राज किशोर मालपानी ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय न केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। इस भव्य उ?द्घाटन समारोह के अवसर पर संस्कृति भवन निर्माण से जुड़े सक्रिय कारकों को अतिथियों व शिक्षा समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

## जयपुर के आयुष्मान सिंह शेखावत ने देशभर में पहला स्थान हासिल कर नाम किया रोशन

दुबई की गेमा इंटरनेशनल संस्था के स्टूडेंट स्पीकर कॉम्पिटिशन में रहे अव्वल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** इंटरनेशनल स्टूडेंट स्पीकर कॉम्पिटिशन में जयपुर के आयुष्मान सिंह शेखावत ने देशभर में पहला स्थान हासिल कर नाम रोशन किया है। दुबई स्थित गेमा इंटरनेशनल संस्था द्वारा आयोजित इंटरनेशनल स्टूडेंट स्पीकर प्रतियोगिता में आयुष्मान सिंह नेशनल टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। आयुष्मान सिंह शेखावत जयपुर के सनसिटी स्थित शांति एशियाटिक स्कूल की 12वीं कक्षा के छात्र हैं। भविष्य में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के जरिये सेना में जाकर देश की सेवा करने की चाह रखने वाले आयुष्मान सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी श्री जय सिंह शेखावत एवं दादीजी श्रीमती पुष्पा शेखावत को दिया है।



गौरतलब है कि गेमा इंटरनेशनल संस्था स्कूली विद्यार्थियों को ओजस्वी वक्ता एवं नेतृत्वकर्ता के रूप में तराशने के लिए उनकी प्रतिभा को वैश्विक मंच मुहैया करवाती है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के हजारों प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के लाखों विद्यार्थी भाग लेते हैं।

## फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल और अग्रवाल समाज, मालवीय नगर ने मिलकर बढ़ाया हृदय की सेहत और जीवन रक्षक कौशल का महत्व




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर ने अग्रवाल समाज, मालवीय नगर के सहयोग से एक हृदय स्वास्थ्य जागरूकता और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के करीब 110 सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ अमित कुमार सिंघल, एडिशनल डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा लोगों को दिल की सेहत के प्रति जागरूक करना और उन्हें आपातकालीन स्थिति में काम आने वाले जरूरी जीवन-रक्षक उपायों की ट्रेनिंग देना था। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल, जयपुर और अग्रवाल समाज, मालवीय नगर के संयुक्त प्रयास से आयोजित हैंड्स-ऑन बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस सत्र की खास बात थी कि सभी प्रतिभागियों ने खुद अपने हाथों से सीपीआर और जीवन रक्षक तकनीकों की प्रैक्टिस की, जिससे उन्हें आत्मविश्वास और जरूरी जानकारी दोनों मिली।

## प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग पांच दमकलों ने पाया आग पर काबू

**गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख**

**जयपुर ( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नंबर 17 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते-ही-देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और काले धुएं के विशाल गुबार आसमान में छा गए। लोगों की सूचना पर तीन फायर स्टेशनों से पांच दमकल की गाडियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में गोदाम में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग शॉर्ट-सर्किट या केमिकल से लगना आ रहा है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सहायक अग्निशमन अधिकारी भंवर सिंह हाड़ा ने बताया कि विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नंबर 17 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक गोदाम में आग लगने की सूचना पर विश्वकर्मा फायर स्टेशन से दो, झोटवाड़ा से एक तथा बनीपार्क फायर स्टेशन से दो दमकल रवाना की गईं। जहां पांच दमकलों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAJPURA PS PIPRALI**

NO:- Epro./27 Date : 13.05.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat RAJPURA for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 22.05.2025 time 6 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV252640031, UBN : PIV2526GLRC00032

Sarpanch — Gram Panchayat RAJPURA | Village Development Officer — Gram Panchayat RAJPURA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT MALKEDA PS PIPRALI**

NO:- Epro./15 Date : 15.05.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat MALKEDA for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 27.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV252640040, UBN : PIV2526GLRC00041

Sarpanch — Gram Panchayat MALKEDA | Village Development Officer — Gram Panchayat MALKEDA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DADIYA PS PIPRALI**

NO:- Epro./45 Date : 14.05.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat DADIYA for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 26.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV2526A0039, UBN : PIV2526GLRC00040

Sarpanch — Gram Panchayat DADIYA | Village Development Officer — Gram Panchayat DADIYA

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT PUROHIT KA BAS PS PIPRALI**

NO:- Epro./47 Date : 15.05.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat PUROHIT KA BAS for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 27.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV2526A0035, UBN : PIV2526GLRC00036

Sarpanch — Gram Panchayat PUROHIT KA BAS | Village Development Officer — Gram Panchayat PUROHIT KA BAS

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT TARPURA P. S. PIPRALI (SIKAR)**

No:Epro./73 Date: 15.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Tarpura for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 27.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB: PIV2526A0041

UBN: PIV2526GLRC00042

**Sarpanch** — G. P. Tarpura | **Village Development Officer** — G. P. Tarpura


## पड़ोसी ने किया सौलह वर्षीय एक लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर ( का.स. )।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में सौलह वर्षीय एक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिजनों की गैरमौजूदगी में आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर नाबालिग लड़की का गर्भपात भी करवाया। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता के भाई ने थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जुटी है।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KOLIDA PS PIPRALI**

NO:- Epro./15 Date : 15.05.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat KOLIDA for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 27.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV2526A0038, UBN : PIV2526GLRC00039

Sarpanch — Gram Panchayat KOLIDA | Village Development Officer — Gram Panchayat KOLIDA

## सम्पादकीय

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है। भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। 2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है। अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है। भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है। सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ बदलावों के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की समीक्षा करने की भी बात की थी। इसमें सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि सीमा पार से आतंकवाद इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 19 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मिग्यूल लोपेज डी जगाज्पी ने 1571 में फिलीपींस की राजधानी मनीला की स्थापना की।
- रूसी सेना 1792 को पोलैंड में दाखिल हुई।
- दुनिया का पहला डिपार्टमेंटल स्टोर 1848 में खुला।
- बहुचर्चित नाटककार और कवि ऑस्कर वाइल्ड जेल से 1892 में रिहा किए गए।
- दुनिया की उस समय की सबसे बड़ी रेल सुरंग 1900 में सिंपलन यात्रियों के लिए खुली।
- बेनितो मुसोलिनी ने 1926 में इटली को फांसीवादी राष्ट्र घोषित किया।
- श्वेत महिलाओं को 1930 में दक्षिण अफ्रीका में वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ।
- रूस और ब्रिटेन ने 1939 को नाजी विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- रूस ने 1971 में मार्स-2 कार्यक्रम की शुरूआत की।
- ऑस्ट्रेलिया ने 1976 में सोने के स्वामित्व को कानूनी मान्यता दी।
- भारतीय मूल के महेन्द्र चौधरी 1999 में फिजी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुई।
- मैक्सिको में 1999 में 'बाल्कान डिफ्यूजो' नामक ज्वालामुखी सक्रिय।
- फिजी में 2000 को भारतीय मूल के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी की सरकार को सात नाकाबपोश सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा तख्तापलट।
- अमेरिकी सीनेट में 2007 में समग्र आव्रजन सुधार विधेयक पर सहमति।

### 19 मई को जन्मे व्यक्ति

- आधुनिक तुर्की के निर्माता कमाल अतातुर्क का जन्म 1881 में हुआ।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर भारतीय इतिहास के पन्नों में एक काला अध्याय जोड़ने वाले नाथूराम गोडसे का जन्म 1910 में आज ही के दिन हुआ था।
- भारत के राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी का जन्म 1913 में हुआ।
- रस्किन बॉण्ड का जन्म 1934 में हुआ वो अंग्रेज़ी भाषा के प्रसिद्ध भारतीय लेखकों में से एक हैं।
- कवि, रंगमंच कर्मी, कहानी लेखक, नाटककार, फ़िल्म निर्देशक और फ़िल्म अभिनेता गिरीश कर्नाड का जन्म 1938 में हुआ।

### 19 मई को हुए निधन

- टाटा समूह के संस्थापक जमशेद जी टाटा का निधन 1904 में हुआ।
- हिन्दी के शीर्ष साहित्यकार हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का निधन 1979 में हुआ।
- प्रसिद्ध तमिल अभिनेत्री तथा तमिलनाडु की भूतपूर्व मुख्यमंत्री जानकी रामचन्द्रन का निधन 1996 में हुआ।
- फ़िल्म और रंगमंच अभिनेता, निर्देशक और नाटककारसोंभु मित्रा का निधन 1997 में हुआ।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वत- तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।**



डॉ. आशीष वशिष्ठ
(राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार)

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिल चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है। पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा% तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है।

# यूपी की राजनीति में गिरती भाषा और बढ़ती ट्रोलनीति



अजय कुमार

**उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाल के दिनों में जिस तरह की तीखी बयानबाजी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली बहसों ने तूल पकड़ा है, उसमें सबसे हालिया और विवादास्पद मामला समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी है। यह मामला न सिर्फ एक राजनीतिक टकराव का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार डिजिटल युग में राजनीतिक दलों की ओर से किए गए पोस्ट सीधे सामाजिक सौहार्द, नैतिक मर्यादा और राजनीतिक विमर्श की गरिमा पर असर डाल सकते हैं।**

16 मई को सपा मीडिया सेल के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट किया गया जिसमें बृजेश पाठक के डीएनए पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पोस्ट में उपमुख्यमंत्री की तुलना सोनागाछी और जीबी रोड जैसे देश के रेड लाइट एरिया से जोड़ते हुए यह कहा गया कि उनका डीएनए इन क्षेत्रों में नियमित रूप से आने वाले लोगों से मिलाया जाना चाहिए, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने आ सके। पोस्ट में जिस प्रकार के शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया, वह न केवल अभद्र था, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के प्रति भी एक अपमानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। यही कारण था कि इस पोस्ट को लेकर तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई और बृजेश पाठक ने स्वयं इसे अपनी दिवंगत माता-पिता का अपमान बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या यही उनकी पार्टी की भाषा है। बृजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिस स्तर की मानसिकता का परिचय इस पोस्ट के माध्यम से दिया है, वह न केवल स्त्री विरोधी है बल्कि पतित सोच को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होता है, लेकिन किसी के चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले करना राजनीति को गटर में ले जाने जैसा है। उन्होंने अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या यह उनकी पार्टी की अधिकृत नीति है या किसी असंतुलित व्यक्ति की निजी राय, जिसे पार्टी ने अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा जिन बातों को बढ़ावा दे रही है, वह केवल गाली-गलौच, जातिगत विद्वेष और अनैतिक आचरण का पर्याय बन चुका है। इस पूरे मामले ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी सक्रिय कर दिया। लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज थाने में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में यह कहा गया कि यह पोस्ट न केवल जातीय विद्वेष फैलाने वाली है, बल्कि महिलाओं का घोर अपमान करती है और समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करती है। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव का पुतला जलाया और समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की अभद्रता के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक माफी नहीं मांगी जाती, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। वहीं अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से संयमित भाषा का प्रयोग करने को कहा है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उपमुख्यमंत्री को भी अपनी भाषा और व्यवहार पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में यदि सत्ता पक्ष की ओर से निरंतर अनर्गल आरोप लगाए जाएंगे, तो विपक्षी कार्यकर्ताओं में भी प्रतिक्रिया की भावना उत्पन्न होगी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



नरेन्द्र जैन
(अतिरिक्त निजी सचिव पी.डब्लू.डी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जैन समाज के स्तंभ और पीडब्लूडी में सहायक निजी सचिव नरेन्द्र जैन साब। अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा की धरा पर 2 सितम्बर 1966 को जन्मे नरेन्द्र कुमार जैन जो कि वहां के मशहूर परिवार रोलिया खानदान में महावीर प्रसाद जैन के घर जन्म हुआ। जन्म से ही धार्मिक व सामाजिक गतिविधियो में भाग लेना व वसुधैव कुटुम्बकम की भावना रखना। परिवार में अचानक आई विपदा के कारण तिजारा से 11 वीं कक्षा तक की पढाई कर वर्ष 1984 में मै0 हीरो होण्डा लिमिटेडा धारूहेडा में सेल्स अनुभाग में मोटरसाईकिल डिस्पैच में स्टेनो कम टाईपिस्ट का काम करते हुये मेहनत के बल पर अपना मुकाम बनाते हुये अपनी पहचान तिजारा वाले जैन सहाब के नाम से बनाई और कम्पनी की सुझाव कमेटी के सदस्य के रूप में होंडा कम्पनी जापान के प्रेसीडेंट से अवार्ड प्राप्त किया। लेकिन निजी कम्पनियों मे राजनीति के चलते नौकरी रास नही आई और आरपीएससी पास कर पीडब्लूडी में स्टेनोग्राफ्र के पद पर 1989 ज्वाइन किया। नौकरी ज्वाइन करते समय पिता के शब्द कि बेटा आपके पास कोई काम के लिये आये तो उसे अपनी सीट वाला व अपने आपको उसकी जगह खडा करते हुये उसकी निस्वार्थ सेवा करना और उन्ही के आर्शीवाद के वचनो पर अपनी नौकरी कर रहे हैं। नौकरी के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक कायक्रमों को कभी नही छोडा। सबकी सहायता करना सबके कार्य में मदद के लिए तत्पर और तैयार रहना। श्री दिगम्बर जैन पूजन संघ के दो बार अध्यक्ष रहे। श्री दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य रहे जिसमें स्कीम नं० 10 जैन मंदिर के संयोजक रहे। जैन पूजन संघ द्वारा कोरोना काल में जैन भवन परिसर में लोगो को भोजन वितरण व अन्य गतिविधियो के अन्तर्गत आयुर्वेदिक काढा पिलाना आदि में पूर्ण भागीदारी वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर में अतिरिक्त निजी सचिव के पद पर कार्यरत है तथा विभाग में सबके चहेते कार्मिक व सलाहकार के रूप में पहचान है। निजी सहायक संघ (स्टेनोग्राफ्र) के जिला अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर भी रह चुके है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_017

बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 8 | 5 | | | 9 | | 1 | 7 | |
| 9 | | | | 8 | | 6 | | |
| | 3 | 8 | 9 | | | 4 | | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 2 | 6 |
| | | | 1 | | 7 | | 3 | 5 |
| 4 | 8 | | 7 | | | | | |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | | | 9 |
| | 9 | | | 2 | | | | |

Ans_2025_016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

आज आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप कई तरह के विचारों में खोए रहेंगे। आज किसी के साथ भी वाद-विवाद ना करें। माता एवं पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है।

### वृष

स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ थकान या आलस्य का अनुभव हो सकता है। संतान की पढ़ाई-लिखाई और स्वास्थ्य के विषय में भी चिंता रहेगी। व्यर्थ के खर्च से आज दूर रहें। आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए।

### मिथुन

नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन में वातावरण आनंदमय रहने का योग बन रहा है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों की सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे।

### कर्क

अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक हो सकता है। ऐसे में संभलकर चलने की जरूरत है। आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है। घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद में दिन गुजरेगा। ज्यादा सोचने-विचारने से आप परेशान रहेंगे।

### सिंह

यात्रा के योग रहेंगे। किसी पानी वाली जगहों से आज दूरी बनाए रखें। मानसिक और शारीरिक थकान हो सकती है। आज का दिन खुशी से भरा रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या

काम में मिली सफलता आप के उत्साह में वृद्धि करेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। सम्बंधों में भावनात्मकता अधिक रहेगी। प्रवास भी आनंदमयी होने की पूरी संभावना है। समाज में खूब मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे।

### तुला

आज आप धार्मिक कामों में दिन गुजारने वाले हैं। हालांकि निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए आप अतिरिक्त मेहनत करेंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

### वृश्चिक

आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर पाएंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी। आज मेहनत की अपेक्षा परिणाम कम मिलने पर भी निराश नहीं होंगे। धन की व्यवस्थित योजना बनाने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

### धनु

सभी काम व्यवस्थित रूप से पूरे होने की संभावना है। आज आपके कोई नए संबंध बनेंगे, जो आपके लिए भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रूप से आप समृद्ध बने रहेंगे। शरीर, स्वास्थ्य और मन प्रसन्न रहेगा।

### मकर

पारिवारिक जीवन में उल्लासमय वातावरण रहेगा। आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रह सकता है। मानसिक रूप से भी आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आपकी वाणी से किसी का दिल दुख सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय गुजार सकेंगे। दोस्तों का अच्छा साथ मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय ही अधिक होगा। आज मीठी वाणी से सबका मन जीत लेंगे।

### मीन

व्यापार या नौकरी के कारण कहीं बाहर मीटिंग में जाना हो सकता है। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। आज का दिन मध्यम फलदायी है। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़े जातक आज ज्यादा सक्रिय रहेंगे। साहित्य में कोई नया सृजन कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# रणथम्भौर के बालेर रेंजर ने शिकारियों को छोड़ा

## वन्यजीव प्रेमियों ने पकड़े थे 4 शिकारी, 2 भाग छूटे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के आला अधिकारी पर्यटन में व्यस्त हैं। जिसके चलते यहां जबरदस्त अनियमितताएं छाई हुई हैं। ऐसा ही एक मामला रणथम्भौर टाइगर रिजर्व की बालेर रेंज में सामने आया है। यहां वन्यजीव प्रेमियों ने शिकारियों को पकड़ा तो वन विभाग ने मामला रफा-दफा कर शिकारियों को छोड़ दिया।

### बालेर रेंज की घटना

मामला बालेर रेंज के अंतर्गत बाजौली बीट संख्या 75 के पास कालाभाटा बनास नदी के पास टाइगर रिजर्व क्षेत्र का है। चार शिकारी शुक्रवार को बनास में मछलियों पकड़ने सहित वन्यजीवों (तीतर) का शिकार करने पहुंचे। वन्यजीव प्रेमियों को शिकारियों की भनक लग गई। वन्यजीव प्रेमी मौके पर पहुंचे और शिकारियों दबोच लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग टीम को इसकी सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले दो शिकारी चकमा देकर मौके से फरार हो गए। वहीं दो शिकारियों को वन प्रेमियों ने वन विभाग की टीम के हवाले कर किया। ग्रामीणों ने वन्यजीव प्रेमियों ने टीम को दोनों शिकारियों सहित मौके से एक बाइक, मछली पकड़ने का जाल सहित कई आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त करवाई थीं। टीम शिकारियों को बालेर रेंज में लाकर पूछताछ की। दोनों आरोपियों को बालेर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेश कुमार गोदरा ने शिकारियों के पास कुछ भी वस्तु नहीं मिलने और मामला घड़ियाल क्षेत्र का बताकर बिना कार्रवाई के कुछ देर बाद में छोड़ दिया गया। जिसके चलते प्रेमियों में आक्रोश है। रेंजर की ओर से बिना कार्रवाई शिकारियों को छोड़ना वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

### वन्यजीव प्रेमियों ने घटना का बनाया वीडियो

वन्यजीव प्रेमियों ने बताया कि दोपहर को 4 शिकारी पकड़े थे, शिकारियों के साथ में जलीय व वन्यजीव शिकार में प्रयोग होने वाले उपकरण साथ थे। दो शिकारी टीम आने से पहले फरार हो गए थे। इस पूरे घटनाक्रम के मामले की वीडियो सहित कई सबूत कैमरे में कैद कर लिए हैं। वन्यजीव प्रेमियों ने वीडियो बनाया वीडियो में दोनों शिकारी साफ शब्दों में वन विभाग की मिलीभगत बताई गई है। यह दोनों शिकारी खंडार क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

### एसीएफ बोले, वीडियो के आधार पर करेंगे तलाश

मामले को लेकर रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के एसीएफ निखिल कुमार का कहना है कि शुक्रवार को टीम ने जब्त आरोपियों को पकड़ा था। उससे पहले आरोपियों ने जाल व अन्य आपत्तिजनक सामान डिस्पोज कर दिया था। इसलिए उन्हें छोड़ दिया गया। अब इसका वीडियो सामने आया है तो वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश करेंगे।

# भारत विकास परिषद की ओर से भोजन सरंक्षण व सम्मान प्रकल्प चलाए जाने का लिया निर्णय

## झूठन नहीं छोड़ने का संकल्प भरवाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारत विकास परिषद की मासिक बैठक परिषद अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन की अध्यक्षता में आहुत हुई। रविवार को आयोजित बैठक के बारे में जानकारी देते हुए प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि बैठक में मोजुद परिषद सदस्यो ने वर्तमान में हो रहे आयोजनो में अन्न की हो रही बरबादी पर गहरी चिन्ता प्रकट की गई। साथ ही इसे रोकने के लिए जन जागृति अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। विजय ने बताया कि बैठक में भोजन सरंक्षण एवं भोजन सम्मान प्रकल्प अभियान के लिए शशिकांत पाठक को संयोजक बनाया गया। संयोजक पाठक ने अपनी टीम में रामबाबू विजय डिग्गी, अरविन्द टेलर, लोकेश लोधी व दिनेश विजय को शामिल किया। बैठक में अभियान संयोजक पाठक ने बताया कि भोजन की बरबाद्री रोकने व झूठन नहीं छोड़ने के लिए आम जन को जागरूक करने के साथ साथ इसके लिए हलवाईयो, केटरिंग एजेन्सी सहित इसी तरह का कार्य करने वाले अन्य लोगो से भी सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में 5100 लोगो से सम्पर्क कर संकल्प पत्र भरवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संकल्प पत्र सहित बेनर पोस्टर का विमोचन जिला समन्वयक एडवोकेट राजकुमार जैन, अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन, पूर्व अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, अभियान संयोजक शशिकान्त पाठक त्रिलोक चन्द विजय, कृष्णगोपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सचिव रामजीलाल बैरवा गत बैठक की कार्रवाई को सदस्यो के सामने रखा। अध्यक्ष जैन ने गत बैठक से लेकर अब तक परिषद की ओर से किए गए कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में सुनील परतानी, अम्बिका विजय, अमित विजय, अशोक साहू, भागचन्द शर्मा, चेतन शर्मा, जयनारायण जाट, कमलेश श्रंगी, कपिलदेव शर्मा, कुंजबिहारी खारोल, मदनलाल तिवाड़ी, मोतीलाल कारवाल, रामचरण विजय, गणेश शर्मा सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

# शौर्य तिरंगा यात्रा 21मई को सवाई माधोपुर में निकलेगी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की ओर से जिला मुख्यालय पर 21 मई को आयोजित होने वाली विशाल शौर्य तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में रविवार को तैयारी बैठक की गई , जिसमें विधानसभा प्रभारी आचार्य लोकेंद्र शर्मा, सहप्रभारी अशोकराज मीणा भी उपस्थित रहे । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि शौर्य यात्रा की तैयारी में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ भरत मथुरिया, सुरेश जैन, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग ,उदय सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, बलवीर सिंह ,मीरा सैनी, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, आईटी सेल के मुकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल, ओम सुवालका, सुधीर शर्मा, संतोष मथुरिया आदि उपस्थित रहे। विज्ञप्ति में बताया कि 21 में को होने वाली शौर्य तिरंगा यात्रा में प्रदेश एवं केंद्र के अनेक नेता शामिल होंगे। जिसमें सवाई माधोपुर विधानसभा सहित जिले का आम आदमी, व्यापारी, विद्यार्थी, आदि सभी को आमंत्रित किया गया है। जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बताया कि 21 मई को सवाई माधोपुर में 4 बजे, गंगापुर में 22 मई को 4 बजे, बामनवास में 22 मई को सुबह ,खंडार में 20 मई को सुबह , बरवाड़ा में 21 मई को सुबह शौर्य तिरंगा यात्रा आयोजित की जावेगी ।जिला अध्यक्ष ने बताया कि 21 मई को तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए 19 मई को भाजपा जिला कार्यालय शाम 7.30 बजे एक बैठक रखी गई है। जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठन, एनजीओ, सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# नगरपालिका ने फिर जारी की आठ आवासीय भूखण्डो की ई-निलामी सूचना

- 24 मई तक भागीदारी व अमानता राशि जमा होगी
- 27 मई को सायं 6 बजे तक लगेगी ई निलामी बोली

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा की ओर से एक बार फिर शास्त्री नगर विस्तार योजना में अतिक्रमण से मुक्त करवाए आठ आवासीय भूखण्डो की ई निलामी सूचना जारी की है। इस संबंध में पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका ईओ व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में पालिका द्वारा शास्त्री नगर विस्तार आवासीय योजना में गत दिनो अतिक्रमण से मुक्त करवाए गए आठ भूखण्डो की ई निलामी सूचना जारी की है। जाट ने बताया कि इसमें भूखण्ड संख्या 21, 51 व 133 की साईज 25 गुणा 50 व प्रत्येक भूखण्ड के 138.88 वर्ग गज है। इसकें अलावा भूखण्ड संख्या 97. 98, व 100 की साईज 30 गुणा 64 है जो कुल 213.33 वग गज है। वहीं भूखण्ड संख्या 147 व 165 की साईज 20 गुणा 50 है जिसका कुल वर्ग गज 111.11 है। ई निलामी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए जाट ने बताया कि निलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 50 हजार रूपये अमानता राशि के रूप में ऑनलाईन जमा करवाने होगें जो निलामी प्रक्रिया के बाद खरीददार के अलावा अन्य सभी भागीदारो को ऑनलाईन की वापस मिल जाएगी। इसके अलावा 1 हजार रूपये प्रति भूखण्ड ऑनलाईन भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करवाने होगें जो वापस नहीं मिलेगें।

भागीदारी शुल्क व अमानत राशि 22 मई को सुबह 6 से 24 मई को सायं 6 बजे तक जमा करवाना होगा। ई निलामी बोली 26 मई को प्रात: 6 बजे से शुरू होकर 27 मई को सायं 6 बजे तक लगाई जा सकेगी। गौरतलब है कि नगरपालिका मालपुरा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार योजना में 23 आवासीय भूखण्डो की ई निलामी से 9 करोड़ रूपये तथा वन विभाग की नर्सरी के आगे मुख्य सड़क पर 7 व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से 5 करोड़ से अधिक की आय प्राप्त कर चुकी है।

# पोल से गिरने पर जयपुर के युवक की मौत : बिजली की नई लाइन का चल रहा था काम, 6 साथी भी थे उसके साथ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** पीपलू थाना क्षेत्र में मोहनाबाद ढाणी के पास एक युवक की बिजली के पोल से गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार मध्य रात की है। पुलिस के पास मध्य रात बाद करीब सवा बारह बजे इस दुर्घटना की सूचना आई थी। मृतक युवक को उसके साथी ही अपने साधनों से लाकर पीपलू अस्पताल में भर्ती कराया था। जिस बिजली की लाइन से युवक गिरा है वह नई डाली जा रही है। अभी इसका कार्य जारी है। उसमें बिजली सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ऐसे में यह युवक किस उद्देश्य से इस लाइन के पोल पर चढ़ा था, अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक युवक जयपुर जिले के रेनवाल मांझी निवासी दिनेश मीणा (24) पुत्र बाबू लाल मीणा है। पीपलू थाना अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मृतक युवक के साथ छह सात युवक और भी थे, वे भी यहां आकर पोल पर चढ़ने का कारण नहीं बता रहे हैं। ये युवक चोरी करने की नीयत से आए थे या फिर अन्य कारण से घटना स्थल आए थे, यह जांच के बाद पता लगेगा। परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने एमआईयू यूनिट को बुलाकर मौका मुआयना करवाया है। पीपलू थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि इस मामले मृतक के परिजनों से बातचीत हुई है। उसमें सामने आया कि मृतक दिनेश मीणा (24) बिना बताए अपने साथियों के साथ घर से शनिवार को निकला था। वह यहां क्यों आया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। दिनेश अविवाहित था।वह प्राइवेट काम करता था। उसके एक भाई की पहले दुर्घटना में मौत हो चुकी है। पिता निजी बस चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इस मौके बोरखंडीकला प्रशासक रामलाल मीणा, मानसिंह मीणा, छोटूलाल मीणा रानोली सहित अन्य उपस्थित रहे।

**पहले एक्सीडेंट बताया, फिर पूछताछ की तो सच उगला :** थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि मृतक समेत छह अन्य युवक पिकअप और एक बाइक से बीती रात घटना स्थल आए थे। यह युवक पोल से गिरा तो दो दोस्त दिनेश मीणा को बाइक पर लेकर अस्पताल पहुंचे और कहा कि यह एक्सीडेंट में घायल हो गया। उसे भर्ती कर लिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई । फिर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में उसके दोस्तों से जानकारी ली तो उनके बताए घटनाक्रम पर संदेह हुआ। फिर थोड़ा सख्ती से पूछा तो सच बता दिया ।उन्होंने बता दिया कि दिनेश पोल से गिरा है । मृतक के साथ उसका चचेरा भाई और दोस्त थे। दोस्तों में एक भरतपुर जिले का और बाकी उसके गांव के आसपास के थे।

# वाल हुआ फेल आधे गांव में नही हुई पेयजल सप्लाई शाम तक भी नही कर सका वाल को विभाग सही

बढ़ता राजस्थान



**चौथ का बरवाड़ा (चेतन परिहार)।** जहां एक और गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखा रही है वही दूसरी और शिवाड़ कस्बे में पठान टँकी का वाल खराब होने से आधे गॉव में पानी की सप्लाई नलों में नही होने से लोग सार्वजनिक जल स्त्रोतों पर नजर आए । ग्रामीण बब्लू, असरफ आदि ने बताया कि आज सुबह पानी की सप्लाई नही आई तो पीने का पानी डेढ़ किलोमीटर दूर से लाना पड़ा बाद में पता लगा कि वाल खराब हो गया उसके बाद दोपहर तक भी वाल को सही नही किया जा सका । संविदा पर लगे क्रमिक ने उसे सुबह 10 बजे जैसे तैसे खोला तो गंदे पानी की निकासी हुई और थोड़ा जल लोगो को मिला उसके बाद संविदा कर्मी ने स्टॉक वाल नही होने और सवाई माधोपुर से सामान आने की बात कही ।

**शाम तक नही आया कोई सामान :** वाल का कोई सामान या नया वाल पूरे दिन में विभाग सवाई माधोपुर से शिवाड़ मात्र 40 किलोमीटर दूर नही भेज सका इस कारण अब सोमवार को भी लोगो को प्यासा ही रहना पड़ेगा । शिवाड़ एरिया में सबसे बड़ा कस्बा होने के बाद भी यहां विभाग द्वारा कोई अतिरिक्त समान और बोर की मोटर नही है । इनके खराब होने पर लोगो को गर्मी में 2 से 3 दिन तक सप्लाई नही मिलती और लोगो को परेशान होना पड़ता है जबकि अब तो सहायक अभियंता का कार्यालय भी कस्बे से 20 किलोमीटर दूर चौथ का बरवाड़ा में खोल दिया गया है मगर हालातों में कोई सुधार नही है । चौथ का बरवाड़ा सहायक अभियंता और कनिष्ट अभियंता दोनो अस्थाई चार्ज के भरोसे लगे हुए है इसलिए कोई ध्यान नही देता है ।

# शहर की नारी शक्ति ने दिया ईमानदारी का परिचय पांच लाख रूपए का बंडल डीवाईएसपी को सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** झिलाय रोड़ पर शनिवार की रात को सड़क पर टहल रही महिलाओं को करीब 7.30 से 8 बजे के बीच पांच लाख रूपए का नोटों का बंडल पड़ा मिला। जिसको महिलाओं ने डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर 11 के रैगर मोहल्ले की महिला सीमा वर्मा सहित लक्ष्मी वर्मा, खुशबू, हशीका व माया भारती रोज की तरह खाना खाकर झिलाय रोड पर टहलने के लिए निकली थी।

जिनको झिलाय रोड पर नोटों का बंडल पड़ा हुआ दिखाई दिया। महिलाएं नोटों के बंडल को उठाकर अपने घर ले आई। महिला सीमा वर्मा ने बताया कि रविवार को पुलिस थाने में पहुंचकर डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को नोटों का बंडल सुपुर्द किया।

डीवाईएसपी मिश्रा ने बताया कि महिलाओं ने ईमानदारी का परिचय देते हुए रोड पर मिले पांच लाख रूपए का बंडल सुपुर्द किया है। इस दौरान थाना परिसर में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सानिध्य में महिला स्टाफ ने सभी महिलओं का माला पहनाकर स्वागत किया।

# रणथंभौर में नियम तोड़ने पर कार्रवाई : सात दिन पार्क में नहीं घुस पाएंगे 11 जिप्सी चालक और 8 गाइड



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के साथ पार्क भ्रमण पर जाने वाले पर्यटक वाहन चालक और गाइड की ओर से वाइल्डलाइफ नियम तोड़ने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं. ऐसे में अब नियम तोड़ने वाले गाइड और वाहन चालकों पर रणथंभौर वन प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है।

### आकस्मिक निरीक्षण में ये पाया गया

रणथंभौर के पर्यटन डीएफओ प्रमोद धाकड़ ने पार्क भ्रमण के दौरान वाइल्डलाइफ नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 11 जिप्सी चालक और 8 गाइड्स पर कार्रवाई की! डीएफओ धाकड़ के आदेश में बताया गया कि तीन अप्रैल को सहायक वन संरक्षक रबनीश कुमार ने 31 मार्च को रणथंभौर के जोन 2 व 3 व 4 में शाम की पारी में सफारी वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इसमें जिप्सी संख्या ऋछ्व 25 ञ्ज 2167 के चालक वीरेन्द्र व गाइड विवेक भार्गव राजबाग तालाब के किनारे वाली रोड और कदम पेड़ के पास अन्य केन्टर के टक्कर मारना और रोड छोड़कर वाहन चलाना पाया गया।

### टाइगर से उचित दूरी नहीं बनाई

इसी तरह जिप्सी संख्या ऋछ्व 25 ञ्ज 1932 के चालक जीतू सैनी व ऋछ्व 25 ञ्ज 7001 के चालक नरेन्द्र सिंह व गाइड बीएल गुर्जर पदम तालाब के पास निर्धारित पर्यटन ट्रेक से हटकर टाइगर साइटिंग के लिए खड़े दिखे। जिप्सी संख्या ऋछ्व 25 क्क2103, ऋछ्व 25 ञ्ज 2242, ऋछ्व 25 ञ्ज,2175, ऋछ्व 25 ञ्ज 2258 के चालक जुबेर, रवि, सन्ना, जीतराम मीणा व गाइड हरविन्द सिंह, नईमुद्दीन टाइगर से उचित दूरी नहीं बनाई व टाइगर का रास्ता रोकते पाए गए।

# सस्कार शिविर में छात्राओं ने सीखे मेडिटेशन के गुर

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** दूदू रोड स्थित ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में जाट सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे संस्कार शिविर में रविवार को मेडिटेशन के गुर सिखाए गए। समिति मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि शिविर हार्टफुल नेए मेडिटेशन भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार के समेकित बाल विकास सेवाऐं के आदेशानुसार श्री रामचन्द्र मिशन हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक ए.के.मिश्रा, सब इंसपेक्टर महावीर सिंह, एवं किरण शेरावत द्वारा शिविर में भाग ले रही छात्राओं को मेडिटेशन के गुर सिखाए गए। वहीं दक्ष प्रशिक्षको का समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल सहित अन्य सदस्यो ने स्वागत किया। इस दौरान छात्राओं को संतुलित जीवन जीने, शांतमन , क्रोध नियन्त्रण व बेहतर नींद , तनाव से छुटकारा पाने के तीरीके विस्तार से बताए गए।

# राजस्थान में डीईओ की लगी लॉटरी, पहली बार ग्रीष्मकालीन अवकाश का उठाएंगे आनन्द!

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश सत्र शुरू हो गया है। शिक्षक और विद्यार्थी अगले डेढ़ माह तक गर्मियों की छुट्टियों का आनंद उठाएंगे। यही नहीं, पहली बार जिला शिक्षा अधिकारी भी गर्मियों की छुट्टियों पर जा रहे हैं, क्योंकि प्रदेश में 278 प्रिंसिपल, जिला शिक्षा अधिकारी या उनके समकक्ष पदोन्नति के बाद भी तीन माह से स्कूलों का कार्यभार संभाल रहे हैं। शिक्षा विभाग ने उनका अब तक जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थापन नहीं किया है। इस कारण स्कूलों की छुट्टियों के साथ वे भी अगले डेढ़ माह तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ उठाएंगे।

**554 पद स्वीकृत, आधे खाली :** गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी के शिक्षा विभाग में कुल 554 पद स्वीकृत है। इनमें से करीब आधे पद खाली है। इसके बावजूद विभाग ने पदोन्नत डीईओ का पदस्थापन नहीं किया है। ताज्जुब की बात यह भी है कि पदोन्नत अधिकारियों को वेतनमान डीईओ पद का मिल रहा है।

**फरवरी में पदोन्नति, अब तक स्कूलों में ही जमे :** शिक्षा विभाग ने फरवरी माह में 2023-24 की डीपीसी में 182 प्रिंसिपल को डीईओ पद पर पदोन्नत किया था। इसी तरह, 2024- 25 की डीपीसी में 147 प्रिंसिपल डीईओ पद पर पदोन्नत हुए। दोनों सत्रों में कुल 329 प्रिंसिपल डीईओ पद पर पदोन्नत हुए। पदोन्नत प्रिंसिपल को यथा स्थान पर डीईओ के पद पर कार्यग्रहण कराया गया। पिछले तीन माह से वे अपनी स्कूलों में ही प्रबंधन संभाल रहे थे।

# शहीद सबके होते हैं इसमें पार्टियों का खेल नहीं चलता : जूली

## दिल्ली पुलिस के शहीद जवान की मूर्ति का हुआ अनावरण, पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत कार्यक्रम में रही मौजूद

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** दिल्ली पुलिस में कार्यरत शहीद भूपसिंह की ड्यूटी के दौरान उनकी सड़क दुर्घटना में 19दिसम्बर2017को मौत हो गई थी।शहीद भूपसिंह की मूर्ति अनावरण समारोह में स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत रहे नदारद। वहीं पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत कार्यक्रम में रही मौजूद। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि शहीद सबके होते हैं। शहीदों के सम्मान में पार्टी बाजी नहीं देखी जाती। उन्होंने कहा कि हम सब सुरक्षित यदि हैं तो सिर्फ देश के जवानों के भरोसे आप जाकर देखो बॉर्डर पर जो माईनस 50डिग्री टेम्प्रेचर गर्मी और सर्दी को सहन कर हमारी सुरक्षा करते हैं। उन्होंने शहीद की वीरांगना ममता देवी, पिता बाबूलाल सिरोहीवाल सहित सभी परिजनों का सॉल ओढाकर व साफा बांधकर सम्मान किया। व शहीद के बेटे व बेटी का भी सम्मान किया और लाड़ से दुलारा। कार्यक्रम से पूर्व अम्बेडकर सर्किल पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं जूली व पूर्व मंत्री ने बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला पहनाकर सम्मान किया। अम्बेडकर सर्किल से शहीद के स्मारक स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं शहीद की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार लोगों में चर्चा चली कि दलित सहीद की मूर्ति होने के कारण शायद विधायक देवीसिंह शेखावत शहीद की मूर्ति अनावरण समारोह में नहीं आए। वहीं यह चर्चा आम होते ही वहाँ उपस्थित भाजपा के कार्यकर्त्ताओं ने दूरभाष पर सम्पर्क कर विधायक को आने की सलाह दी। जब विधायक देवीसिंह शेखावत वहाँ पहुंचकर शहीद की प्रतिमा के समक्ष अपने साथ उपस्थित दस -बीस भाजपाईयों के साथ फोटो खिंचवाई और भाषण देते हुए वीडियो वायरल किया।लेकिन विधायक के समय पर नहीं पहुँचने से लोग काफ़ी गुस्से में नजर आ रहे थे। जो विधायक देवीसिंह शेखावत के आगमन पर उठ कर चले गए। वहाँ सिर्फ सहीद के परिजन और कुछ भाजपा के लोग मौजूद थे। शहीद भूपसिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, प्रधान सुमन सुभाष यादव व अध्यक्षता प्रेमनाथ महाराज ने की।इस मौके पर राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार यादव के नेतृत्व में अतिथियों और शहीद परिवार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। प्रतिमा अनावरण समारोह में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, रजनीश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, पूर्व पार्षद रोशन लाल सैनी, डॉ नरेश सैन,राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन बानसूर के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार यादव,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव उर्फ़ चरणसिंह,राजस्थान महिला कांग्रेस की महासचिव गुलाब देवी,मनोज जूली, ताराचंद सूठवाल, मदन लाल मेहरा, मुकेश जिलोवा, भोमाराम, राजीव मेहरा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के महासचिव चेतराम, मातादीन प्रधान, धर्मवीर, कबूल चन्द, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के एडवोकेट सुबेसिंह मोरोड़िया, मामचंद,जिला पार्षद प्रतिनिधि रामावतार मीणा, चतरपुरा सरपंच नीरज तोनगुरिया,शाहपुर सरपंच प्रतिनिधि जलेसिंह यादव, योगेश यादव, राजेन्द्र आर्य, एडवोकेट ख्यालीराम पटेल,एडवोकेट सुरेश मीणा, शिवचरण रावत,एडवोकेट धीरज मौर्य, हरिकिशन नेता, एमपीएस बनवारी लाल, नेहा स्कूल के संचालक हीरालाल, रोटी बैंक संचालक डॉ आर.सी.यादव, यादव समाज के अध्यक्ष सुभाषचन्द बूराला,अम्बेडकर समाज कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष बाबू प्रभूदयाल सिरोहीवाल,भावी सरपंच समाजसेवी सीताराम गुर्जर,युवा नेता प्रमोद मीणा,बसपा नेता प्रमोद सिरोहीवाल, सहित काफ़ी संख्या में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्त्ताओं सहित महिला पुरुष व बालक-बालिका मौजूद रहे।



## पंजाबी समाज द्वारा जातिगत जनगणना के लिए सामाजिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पंजाबी समाज के जागरूक सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नटराज होटल, अलवर में किया गया। इस बैठक में आगामी जातिगत जनगणना 2025 में पंजाबी समाज की जातिगत पहचान को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चर्चा हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जाति के रूप में श्खत्रीश् और भाषा के रूप में पंजाबी का उल्लेख किया जाए, जिससे समाज की जातिगत और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। आज की बैठक में अभियान को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस जागरूकता संदेश को समाज के हर घर तक पहुँचाने के लिए जिला स्तर पर एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को गति देने और रणनीति बनाने के उद्देश्य से आगामी मंगलवार, 20 मई 2025 को शाम 5 बजे, पुरुषार्थी धर्मशाला स्कीम 2,अलवर में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में पंजाबी समाज के विभिन्न संस्थान, संगठन, एवं जागरूक सदस्य शामिल होंगे, जहाँ इस अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने पर गहन मंथन किया जाएगा। अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए समाज के वरिष्ठों ने पंजाबी समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में आगामी बैठक में शामिल होकर समाज की एकजुटता और पहचान को मजबूत बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया है।

## अपनाघर आश्रम ने घर से बिछुड़े हुए को मिलवाया अपनो से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में रविवार को दो साल से घर से निकले हुए यशराज को उसके पिता दिनेश्वर भाई जसवंत को सुपुर्द किया। यशराज को 19.3.2025 को मोती डूंगरी अलवर से रेस्क्यू कर मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में अपनाघर आश्रम में सेवा एवं उपचार हेतु भर्ती किया था। उपचार के बाद यशराज द्वारा बताये गाँव बोंगा, थाना इचाक, जिला हजारीबाग झारखंड के सरपंच के मोबाइल को गूगल सर्च कर, समपर्क किया गया और परिवारजनों को सूचित किया। कल दिनांक 17.5.25 की रात्रि में पिता दिनेश्वर भुइयां तथा भाई जसवंत झारखंड से अपनाघर आश्रम अलवर पहुंचे और दो साल से बिछुड़े यशराज से मिलकर भावुक हो गये। सुपुर्द करते समय की फोटो संलग्न है। आश्रम के अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि शनिवार को अपनाघर आश्रम अलवर की रेस्क्यू टीम ने एक अज्ञात प्रभुजी को राजकीय मेडिकल कॉलेज नूंह हरियाणा से लाकर सेवा और उपचार के लिए भर्ती किया हैए जिसे 4.4.25 को अज्ञात व्यक्ति की तरह गम्भीर बीमारी की हालत में नूंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था और 15.5.25 को उपचार पूर्ण होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया था। अस्पताल की पुलिस चौकी ने अपनाघर आश्रम अलवर को 17.5.25 को सूचित किया था। अध्यक्ष ने बताया कि ये प्रभुजी अब भी कुछ नहीं बोलध्बता रहे हैं अत: उन्हें आश्रम की ओर से राम प्रकाश नाम देकर भर्ती किया गया है।

## पुत्र ने किए अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर में म0न037-तेज मंडी अलवर निवासी श्री महेंद्र गुप्ता (पुत्र श्री रामजीलाल गुप्ता) के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके नेत्रदान कर दिए गए।नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि महेंद्र गुप्ता का डायमंड हॉस्पिटल में निधन होने के बाद श्री गिरीश गुप्ता (प्रशासक मित्तल हॉस्पिटल) ने उनके परिजनों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया । तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र गौरव गुप्ता ने अपने पिता की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज आयेंगे अलवर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रात: 11 बजे मोती डूंगरी पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करेंगे। उसके पश्चात 11.30 बजे मोती डूंगरी पार्क से सरस डेयरी अलवर तक आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होंगे तथा 12 बजे सरस डेयरी में आयोजित किसान व दुग्ध उत्पादक विशाल सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस डेयरी के पूर्व अध्यक्ष बन्नाराम मीणा सहित विधायक, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, किसान, दुग्ध उत्पादक सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे।

# वन मंत्री ने किया वन नाका चौकी कुशालगढ एवं थैंक्यू बोर्ड का औचक निरीक्षण

## अव्यवस्थाओं पर जाहिर की नाराजगी, सफाइकर्मियों की परिवेदनाओं को सुनकर सकारात्मक समाधान के लिए किया आश्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने शनिवार रात्रि में सरिस्का वन नाका चौकी कुशालगढ़ एवं थैंक्यू बोर्ड का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने वन नाकाओं के औचक निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि कार्मिक नाका पर अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजीका की जांच करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाई। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से पंजीका में उपस्थिति दर्ज होने के साथ-साथ अनुपस्थित कार्मिकों के अवकाश का उल्लेख किया जावे। ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर नियमानुसार संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। उल्लेखनीय है कि वन मंत्री शर्मा ने 4 मई को भी टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाते हुए कार्मिकों को अनुशासन व जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों के निर्वहन करने के निर्देश दिये।

**सफाईकर्मियों की सुनी परिवेदनाएं :** वन मंत्री शर्मा ने रविवार को अपने निवास 201 रघुमार्ग पर सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर संवेदनशीलता से उनकी परिवेदनाएं सुनी। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की विभिन्न प्रकार की मांगों को राज्य सरकार पर पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## एसओजी की कार्रवाई : पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट मामले में पिछले चार साल से फरार चल रहे पचास हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी एसओजी से बचने के लिए तिनसुकिया,जोरहाट असम व दीमापुर नागालैंड में गुप्त रूप से रह रहा था और एसओजी काफी दिनों से उसकी तलाश में उसके कई संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही थी। इसके बाद आरोपी की लोकेशन काठमांडू नेपाल आई।

जिस पर एसओजी की टीम बदमाश का पीछा करते हुए नेपाल पहुंच गई और आरोपी को बॉर्डर से पकडा। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में तीन मामले दर्ज थे। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिसमहानिदेशक(एडीजी)एस ओजी वीके सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तीन आपराधिक प्रकरणों में चार साल से फरार चल रहे इनामी बदमाश सुशील करनानी (42) निवासी नोखा जिला बीकानेर हाल करधनी जयपुर को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि आरोपी सुशील करनानी ने बायोमैक्सटार फार्मास्युटिकल्स दीमापुर, नागालैंड के नाम से फर्जी फर्म बना रखी थी।

जिसके द्वारा हिमालया मेडिटेक प्राइवेट लिमिटेड देहरादून नाम की फर्म से नशीली प्रतिबंधित दवाइयां ट्रामाडोल टेबलेट्स एवं कैप्सूल और अल्प्राजोलम टेबलेट्स एवं कैप्सूल क्रय कर अजमेर के अलवर गेट व रामगंज स्थित गोदामों से राजस्थान में जयपुर व अजमेर स्थित विभिन्न फर्मों को अवैध रूप से सप्लाई करता था। एसओजी ने आरोपी को संबंधित कोर्ट अजमेर में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने पूछताछ के लिए 26 मई तक रिमांड सौंपा है।

## समाज सेवा शिविर में दिखा विद्यार्थियों संग ग्रामीणों का उत्साह




बढ़ता राजस्थान

**टहला/राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टहला में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार कक्षा 11वीं में उत्तीर्ण छात्रों का दो सप्ताह का समाज सेवा शिविर का शुभारंभ 17 मई से हुआ। जिसमें शिविर के दुसरे दिन स्थानीय नागरिकों ने बढ़कर-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय में लगे पेड़ों की छँटाई करके विद्यालय के सौन्दर्यीकरण में योगदान दिया। शिविर प्रभारी व्याख्याता रणजीत सिंह ने बताया कि समाज सेवा शिविर छात्रों में सामाजिक कार्यों के प्रति सक्रिय संबंध स्थापित करने का एक प्रयास है। छात्रों के साथ-साथ स्थानीय नागरिक बंधुओं का इस शिविर में सहयोग अन्य नागरिकों के लिए प्रेरणा पुँज बन सकता है। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय में अशोक सोनी, सचिन कुमार, अजय कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, नितिन कुमार, अमन कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार सहित विद्यालय के छात्रों ने श्रमदान किया।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को प्लेसमेंट कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

अलवर । ठेका प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा है, कॉन्ट्रैक्चुअल कंप्यूटर एम्पलाई राज. संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की वितीय वर्ष की स्वीकृति नहीं आई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा घोषित ठेका प्रथा समाप्त कर राजकीय बोर्ड बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है जिसके फलस्वरूप कार्मिक विभाग द्वारा सूचना भी मांगी जा रही है । इसे में यदि माध्यमिक शिक्षा विभाग की वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की जाती है तो उन्हें इस बोर्ड में एडॉप्ट कर पाना मुश्किल होगा। इसी के चलते प्रदेशाध्यक्ष ने ज्ञापन अभियान चलाया है। इस मौके पर अजय,बुद्धराम ,कमल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में सरकार नहीं सर्कस है : टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** एक दिवसीय दौरे पर आए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिल्ली पुलिस के शहीद भूपसिंह सिरोहीवाल की प्रतिमा अनावरण समारोह में शिरकत की। उससे पूर्व अम्बेडकर सर्किल पर कांग्रेसीयों द्वारा पूर्व मंत्री शकुंतला रावत के नेतृत्व में जूली का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला पहनाकर वन्दन किया और बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगाए। प्रेस वार्ता में जूली ने कहा कि राजस्थान प्रदेश की सरकार नहीं सर्कस है। यदि विकास करें तो काम करना पड़ता है जब इन्हे हिन्दू मुसलमान कहने मात्र से ही वोट मिल जाता है तो विकास कहाँ से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था बिल्कुल चौपट है, मंदिरों का जीर्णोद्धार करने पर समस्त ग्रामवासियो पर मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। ग्रामीणों को पुलिस परेशान करती हैं। जूली ने कहा कि राजस्थान के गृहराज्य मंत्री कुछ कहते हैं तो केन्द्रीय वन मंत्री कुछ! जब अलवर शहर एसपी /कलेक्टर आवास के पास ज़ब गोलियों की आवाज आती है तो क़ानून व्यवस्था कहाँ है। बानसूर में मन्दिर परिसर में निर्माण करने पर लोगों पर मुकदमे दर्ज होते हैं तो हिंदूवादी सरकार कहाँ है। वहीं पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं।वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि विधायक बालमुकुंदाचार्य का वीडियो वायरल हो रहा है सबने देखा है।

# गायत्री शक्तिपीठ में समर कैम्प का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ पर समर कैंप का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सरोज गुप्ता, डॉ देवयानी,डॉ नंदिनी, जूवेनियल कोर्ट की जिला जज श्रीमती स्वाति जी, डॉ कुमकुम गुप्ता, डॉ ऋचा गुप्ता, एडवोकेट रचना गोयल जी एवं गायत्री परिवार की वरिष्ठ परिजन थे । शिविर के पहले ही दिन 100 -120 बालकों ने भागीदारी की द्य समर कैंप में मेहंदी, ड्राइंग, रंगोली ,डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, योग सिखाया जाएगा । यह शिविर प्रतिदिन सुबह 9.00 बजे से शाम को 4.00 बजे तक लगाया जाएगा । बालकों का पंजीयन 100 रु से किया गया । इसमें रजनी शर्मा समर कैंप की व्यवस्थापिका, अक्षिता तिवारी मेहंदी, प्रगति पाराशर ड्राइंग और रंगोली, श्रीमती प्रियंका गुप्ता डांस , प्राची अग्रवाल आर्ट एंड क्राफ्ट सिखाएंगे ।

समर कैंप में इन एक्टिविटी के साथ-साथ गायत्री परिवार के द्वारा बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़ने का और यज्ञ की विधा को संचालन करने का अवसर भी मिलेगा।

# अलवर से मांझी की छतरी वाया टहला बस सेवा बंद, क्षेत्रीय ग्रामीण में भारी रोष

बढ़ता राजस्थान

**टहला/राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता )।** अलवर से माजी की छतरी जयपुर वाया टहला शुरू की गई बस सेवा एक माह बाद बंद कर दी गई है। टहला पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने बताया कि हाल ही में अलवर से मांजी की छतरी जयपुर के लिए अलवर डिपो द्वारा बस शुरू की गई थी। बस में पर्याप्त यात्री भार भी मिल रहा था लेकिन रोडवेज प्रबंधन ने हठधर्मिता दिखाते हुए शनिवार से इस बस सेवा को बंद कर दिया है।

पंचायत समिति सदस्य खंडेलवाल ने इस संबंध में जब अलवर डिपो की मुख्य प्रबंधक सपना मीना से बात की तो उन्होंने यात्री भार कम बताते हुए इस बस सेवा को बंद करने की जानकारी दी। पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने कहा कि सरकार द्वारा रोडवेज चलाने का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा कराने का होता है। इन बस सेवाओं के संचालन से महिलाओं एवं वृद्ध जनों को भी रियायती यात्रा का लाभ मिलता है।

बस सेवा के बंद होने से क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष है। क्षेत्रीय लोगों ने पुन: इस बस सेवा को शुरू करने की मांग की है।

## कनेसर से बिडोली तक ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य शुरू

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। गांव कनेसर से बिडोली जाने वाली ग्रेवल सडक का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण सत्यपाल अवाना, समेरसिंह, देवालाल गुर्जर, गिर्राज गुर्जर व अशोक अवाना ने बताया की कनेसर से अवाना कृषि फार्म तक रोड नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा था। ग्रामीणों ने भी कई बार पंचायत प्रशासन को रोड बनवाने के बारे में कई बार अवगत करवाया लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे ग्रामीणों को बारिश के मौसम में कई वर्षों से परेशानी उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि इस सडक मार्ग पर किसी व्यक्ति ने जमीन खरीदी है और उसने ही ग्रेवल रोड का निर्माण कार्य शुरू किया है।

# आदतन अपराधी ने किए चाकू से ताबड़तोड़ वार, युवक की मौत

## गुस्साए लोगों ने विरोध में की आगजनी

बढ़ा राजस्थान



**कनवास, कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा में सरेराह चाकू मार कर युवक की हत्या कर दी गई ।घटना कनवास कस्बे के बाजार में हुई जहां बाइक शोरूम के बाहर झगड़े के बाद आरोपी ने युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिये ।घटना रविवार दोपहर 2.00 बजे की है घटना के बाद स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने विरोध करते हुए सड़कों पर टायर जलाएं।

### बाइक शोरूम पर गया था कंप्यूटर ठीक करने

बाइक शोरूम के मालिक ने बताया कि मृतक संदीप शर्मा पार्ट टाइम कंप्यूटर रिपेयरिंग का काम करता था। वह शोरूम पर प्रिंटर ठीक करने आया था इस दौरान आरोपी युवक भी वर्कशॉप में मौजूद था दोनों अपना-अपना काम निपटाकर अलग-अलग निकले थे घटना शोरूम के बाहर हुई है यह पता नहीं चल पाया कि दोनों में किस बात पर झगड़ा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

### स्थिति तनाव पूर्ण रही

पुलिस के आला अफसर ने जाप्ता बढ़ाते हुए लोगों से समझाइश शुरू की हालांकि मृतक के परिजनों ने साफ कर दिया कि हमें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं चाहिए अपराधी को गिरफ्तार करें या एनकाउंटर , नहीं तो अपराधी को हमें सौंप दें हम उससे निपट लेंगे। इसके बाद से पुलिस ने जिले के अन्य स्थानों से भी पुलिस को बुलाया और जगह-जगह पुलिस टीम में तैनात कर दी गई ।

**लोगों ने की आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग :** मकान को अवैध बताते हुए उन्हें ढ हाने की मांग कर दी ।वहीं वहीं प्रशासन ने भी लोगों को समझाइश करते हुए उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। देर शाम को प्रशासन ने कनवास पुराने थाने के पास भाट मोहल्ले में आरोपी अतीक अहमद के मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। आरोपी अतीक अहमद कनवास थाने में पहले भी कई अपराध कर चुका है। कुछ महीने पहले हुए शराब ठेके पर भी लूटपाट की घटना और गोलीबारी में अतीत का नाम सामने आया है। पहले भी भाजपा नेता पर कर चुका है फायरिंग आरोपी आती के कनवास के भाजपा नेता कौशल सैनी पर भी फाइटिंग कर चुका है उत्तम मामले में जमानत पर छूट कर आने के बाद ही शराब के ठेके पर भी गोली घटना को अंजाम दिया था ,लोगों ने बताया कि आरोपी इलाके में दहशत फैलाकर गैंगस्टर बनने की लिए यह सब घटनाएं और वारदातों को अंजाम देता है।

### आरोपी के तीन अवैध मकानों पर चलेगा बुलडोजर

संभागीय आयुक्त राजेंद्र शेखावत ने बताया- मृतक के परिजनों से हुई वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी है। स्थरू कोर्ट में पेंडिंग केस के निस्तारण के साथ मृतक के बच्चों को पालनहार योजना का लाभ और पत्नी को पेंशन दी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से मुआवजा भी दिया जाएगा। थाने में हुई वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने आरोपी अतीक अहमद के तीन अवैध मकानों को चिह्नित कर बुलडोजर चलाने की मांग की। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आरोपी के अवैध मकानों को तोड़ा जाएगा और उसके अवैध धंधों को भी बंद करवाया जाएगा।



### इनका कहना

कई टीमें गठित करके नाकाबंदी शुरू कर दी है ।आरोपी का पहले का आपराधिक रिकॉर्ड निकाला जा रहा है। घटना से गुस्साए लोगों में सड़क पर जाम लगा दिया टायर जलाए और एक टापरी में भी आगजनी की जानकारी सामने आई है हमने टीम में गठित करवा, नाकाबंदी कर दी गई हे ।लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है स्थिति अब शांतिपूर्ण है।

**सुजीत शंकर**
**कोटा ग्रामीण एसपी**

# भंयकर गर्मी में पेयजल समस्या हैंड पंप पड़े खराब, संबंधित विभाग को शीघ्र देना चाहिए ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/सरवाड .( इकबाल अहमद )।** अजमेर जिले के सरवाड़ तहसील क्षैत्र के ग्राम पंचायत गोयला,बडला में हैंडपंप खराब होने से भंयकर गर्मी में पेयजल का संकट गहराने लगा है। ग्राम गोयला के गणेश मंदिर के सामने हैंडपंप पिछले पंद्रह दिन से खराब पड़ा है। डाक-बंगले के पास हैंडपंप काफी समय से पहले से खराब हो गया था ठीक किया लेकिन पाइप ख़राब होने से नये पाईप नहीं डालने से बंद हो गया। पुलिस चौकी के पास पिछले दिनों से ख़राब हो गया। रामरतन भाटी के मकान के पास काफी दिनों से खराब पड़ा है। राजकीय विद्यालय बिड़ला के पास बीमार पड़ा है हैंडपंप। रेगरान मौहल्ले में सामुदायिक भवन के पास बोरिंग में लगी मोटर पिछले साल दो साल से ख़राब पड़ी इससे मौहल्ले वासीयों को पेयजल की परेशानी के साथ साथ मवेशियों को पानी पिलाने की भंयकर समस्या हो रही है। अधिकांश हैंडपंप और बोरिंग में लगी मोटर खराब होने से इस भंयकर गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि उपखण्ड प्रशासन ने समय-समय पर संबंधित विभाग जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और पंचायत समिति प्रशासन को पेयजल हेतु हैंडपंपों और बोरिंग से हो रही पेयजल व्यवस्था को तुरंत ठिक करवाने के निर्देश दिए। ग्राम गोयला में बालाजी मंदिर के पास नये हैंडपंप की भी आवश्यकता जताई। बिसलपुर पेयजलापूर्ति भी ऊंट के मुंह में जीरा जैसे है।

ग्रामीणों को आशा है कि संबंधित विभागीय प्रशासन अभी भी गहरी नींद जल्द बाहर आकर गांव की इस समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की कार्यवाही करेंगे।

# सांगोद में राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा आज ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद ( विनोद गौड़ )।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर की अगुवाई में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने सांगोद में बूथ अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों, शक्तिकेंद्र संयोजक, मण्डल के पदाधिकारियों, समस्त मोर्चा कार्यकारिणी के सदस्यों एवं कार्यकर्ता बंधुओं से संवाद कर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी। इस अवसर पर सांगोद नगर की नवनिर्वाचित मण्डल कार्यकारिणी के सदस्यों को उनके नवीन दायित्व की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मंत्री नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाने के लिए राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी।

**यह रहेगा मार्ग :** भारतीय जनता पार्टी देवली मंडल अध्यक्ष विजयशंकर सैनी तथा कनवास मंडल अध्यक्ष सत्यवान नागर ने बताया कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सुभाष सर्किल कनवास से अपराह्न 3 यात्रा चमन चौराहा, हिंगोनिया, मांडूहेड़ा, पानाहेड़ा होते हुए आजादपुरा पहुंचेगी। यहां से देवली मंडल, लोढाहेड़ा, मामोर और धूलेट के कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा सांगोद देहात मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता तथा बपावर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा आजादपुरा से विभिन्न गावों में होते हुए घानाहेड़ा पहुंचेगी। जहां से सांगोद देहात के कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद यात्रा लक्ष्मीपुरा होते हुए सांगोद पहुंचेगी। यहां कोलियों के बड़ पर सांगोद नगर और बपावर मंडल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा गांधी चौराहा होते हुए गायत्री चौराहा सांगोद पर संपन्न होगी।

# शनि शिंगणापुर अखंड ज्योति लेने के लिए भक्तगण हुए रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के मदनगंज- किशनगढ़ से18 मई, को सनातन सेवा संस्थान के तत्वावधान में निर्माणाधीन शनि सिगनापुर मंदिर के लिए अखंड ज्योति लाने हेतु रविवार को भक्तगण सिगनापुर के लिए रवाना हुए। सनातन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पार्षद अनिल राव ने बताया कि मालियों की ढाणी गांधीनगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले गार्डन के पास निर्माणाधीन शनि सिग्नापुर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत 20 भक्तगणों का जत्था रविवार को अखंड ज्योत लेने के लिए सिगनापुर के लिए रवाना हुआ। संस्थान के कोषाध्यक्ष दीपक इंदौरा ने बताया की स्थानीय महिलाओं ने मांगलिक गीतों व गणमान्य जनों ने भक्तगणों को वाहनों से सिगनापुर के लिए रवाना किया तथा विभिन्न जयकारों से भक्तगणों को विदा किया। इस अखण्ड ज्योति जत्थे में पार्षद अनिल राव, बलराज सैनी, रामप्रसाद मेघवाल, मूलचन्द गहलोत, सुखपाल राव, संजय धीया, एडवोकेट नरेंद्र सैनी, संदीप सैनी, दीपक इंदौरा, राजेश टाक, मूलचन्द जादम, निर्मल सैनी, सीताराम चौधरी, भंवर सिंह खंगारोत, सुरेश उबाणा, सहित अन्य भक्त शामिल हैं। संस्थान के सचिव बिरदी चंद मालाकार ने बताया कि भक्तगण यहां से उज्जैन महाकाल, पंचवटी, सांवरिया सेठ, त्रंबकेश्वर महादेव सहित विभिन्न धार्मिक स्थानो की यात्रा करते हुए सिगनापुर पहुंचेंगे। जहां से अखंड ज्योत लेकर 22 मई को मालियों की ढाणी स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उद्यान के पास निर्माण अधीन शनि मंदिर पहुंचेंगे जहां अखंड ज्योत का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## पांच दिव्यांगों का सामूहिक विवाह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पांच दिव्यांग जोड़ों का विवाह आदर्श नगर के गीता भवन और खालसा हेरिटेज कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया। दिव्यांग उत्थान फाउंडेशन तत्वावधान में और प्रांतीय विशेष शिक्षा सेवा संघ के सहयोग से यह विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया ।फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक नरेंद्र लखी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह स्वागत और रस्मों से हुई ।बैंड की सुमधुर ध्वनियों पर बारातियों ने खूब नृत्य किया ।भगवान भुवन भास्कर और अग्नि देव की साक्षी में प्रातः 10 बजे विद्वान पंडितों के द्वारा सनातन धर्म पद्धति से सभी युगलों के फेरे करवाए गए ।फेरों के समय दुल्हनों की माताओं के खुशी से आंसू छलक उठे ।फेरों के पश्चात सभी जोड़ों ने कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने की शपथ ली ।सभी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी ।फाउंडेशन के सी ई ओ महेश रिझवानी ने बताया कि फेरों के पश्चात आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया ।सरदार अजय पाल सिंह,रवि नैय्यर ,उद्योगपति मोहन सुखानी ,समाजसेवी डॉ .हरि राम मीणा ,नारायण दास नाज़वानी,गिरधारी मनकानी ,प्रमोद नावानी सहित अनेक समाज बंधुओं ने नवयुगलों को आशीर्वाद दिया ।सरदार अजयपाल सिंह ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि हम सब सौभाग्य शाली हैं कि इस विवाह आयोजन के साक्षी बने ।यह दुल्हनें लक्ष्मी ,सरस्वती और दुर्गा स्वरूप हैं ।इस तरह के आयोजन समाज की एकता को बढ़ाते हैं ।

# निराश्रित पशुओं के लिए गड्ढे में पानी भरता विकलांक किसान



बढ़ता राजस्थान

**बारां ( नि.स. )।** बारां जिले के देवरी कस्बे सहित आस पास इन दिनों तेज गर्मी का कहर बरस रहा है जिससे मानव को तो गर्मियों में पानी के लिए इधर उधर भटकना ही पड़ता है वहीं ऐसे में निराश्रित पशुओं का क्या हाल होता होगा। देवरी कस्बे के पास एक भी पानी भरने के लिए खेल नहीं ऐसे में इन निराश्रितों पशुओं के लिए पानी की समस्या बनी रहती है। गर्मियों के सीजन से पहले ही नदियों का जल सुख गया। पहले नदी में पानी मिल जाता था जिससे अपनी प्यास बुझाई जाती थी लेकिन गर्मी आते ही नदियों का पानी सुख जाता।

जिससे निराश्रित पशुओं को परेशानी होती है। ऐसे में ब्रजमोहन मेहता देवरी निवासी ने अपने खेत पर मोटर चलाकर निराश्रित पशुओं के लिए रोज सुबह मोटर चलाकर पानी भरते है। ऐसे में वही आस पास खेल का निर्माण कार्य किया जाए तो बहुत अच्छा होगा।

**पहले बनी हुई थी खेल, लेकिन दवगता के चलते खेल को मिटारा :** देवरी कस्बे में बीलखेड़ा माल लिंक रोड पर इनजीओ द्वारा निराश्रित पशुओं के लिए खेल का निर्माण करवाया जिसमें कुछ वर्षों तक पानी भी भरने का काम किया लेकिन पड़ोसी खेत वालों ने उसको मिटार दिया। जिससे निराश्रितों के लिए दिक्कत होती है।

## ग्रामीणों ने नई पानी की टंकी निर्माण की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( नि.स. )।** शाहाबाद उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोयल में इन दिनों तेज गर्मी के कारण पेयजल सुविधा गहराने लगी है जिसके कारण गुरुवार को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को लिखित में शिकायत सहायक अभियन्ता के नाम नवीन पानी टंकी निर्माण की मांग की है। इस गांव में जनता जल योजना के तहत पानी की व्यवस्था की गई थी लेकिन गांव की आबादी अधिक होने से वहां के लोगों की पेयजल सुविधा गड़बड़ा गई है ग्रामीणों ने बताया कि नई पानी टंकी वर्ष 2016, 17में स्वीकृत भी हो गई लेकिन



निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द नवीन पानी टंकी निर्माण की मांग की है जिससे लोगों की पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

# नो दिवसीय 5158 वां श्री महेश नवमी महोत्सव 27 मई से 4 जून तक मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** पंचायत अध्यक्ष भगवान बिरला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रमो को अंतिम रूप दिया गया ।सचिव सुनील जैथलिया ने बताया की कार्यक्रमो के संयोजक व सहसंयोजक बनाये गए है, जिनमे मीडिया प्रभारी नारायण मण्डोवरा को बनाया गया है। श्रीरामायण पाठ का संयोजक विनोद लखोटिया व सह संयोजक विनोद मंत्री । आयोजन एव सामान्य व्यवस्थाएं समिति में मनीष मंत्री,आशुतोष बिरला, संजय लाठी, महावीर जाजू, हर्षल सोमानी ,सुशील कासट व निखिल जैथलिया को लिया गया है । सम्पूर्ण क्रीड़ा संयोजक श्याम मूंदड़ा सह संयोजक अनन्त तोषनीवाल ।

विशिष्ठ योग्यता सम्मान संयोजक राजेश तापड़िया सह संयोजक जितेंद्र मंत्री। गो वंश चारा वितरण संयोजक महिला मंडल। विमान सजावट संयोजक मधुराज कासट सह संयोजक जगदीश बहेड़िया। शोभायात्रा संयोजक सोहन तोषनीवाल सह संयोजक महावीर तोतला। भोजन प्रसादी संयोजक प्रेमनुवाल सह संयोजक हरीश सोमानी व आदेश गुप्ता ।प्रसादी वितरण व जल व्यवस्था संयोजक परेश मूंदड़ा सह संयोजक महेश झंवर । कैरम संयोजक अंकित मोदी सह संयोजक शिवम दाखेड़ा।शतरंज संयोजक संजय बाहेती सह संयोजक श्याम सुंदर बाहेती । वॉलीबाल संयोजक रामचरण झंवर सह संयोजक नरेश तोतला।बेड मिन्टन व टेबल टेनिस संयोजक यश लढ़ा सह संयोजक वासु सोमानी ।

बास्केटबॉल संयोजक चिंतन नुवाल सह संयोजक शिवम बिरला।रस्साकसी संयोजक पवन लढ़ा सह संयोजक सौरभ लखोटिया महिला वर्ग में संयोजक सीमा गगरानी सह संयोजक रश्मि लखोटिया ।महिला प्रतियोगिता संयोजक रचना बाहेती सह संयोजक चित्रा बिरला । साइकिल रैली संयोजक शक्ति तोषनीवाल सह संयोजक बालकृष्ण जाजू। ट्रेक व फील्ड प्रतियोगिता संयोजक पुरुषोत्तम हल्दिया सह संयोजक नारायण बाहेती। सांस्कृतिक व पुरस्कार वितरण संयोजक दीपक समदानी सह संयोजक आशुतोष बिरला। अर्थसंग्रह समिति में महावीर तोतला, लक्ष्मीकांत बहेड़िया, सोहन बाहेती व रितेश मण्डोवरा को लिया गया है ।रक्तदान शिविर समिति में आशुतोष तोतला,नीतेश नुवाल,सुमित लखोटिया व आशीष तोतला को लिया गया है।

# देश पर संकट के समय शब्दों में संयम व गंभीरता हो : आम्बेकर

## देवर्षि नारद जयंती पर विश्व संवाद केंद्र चित्तौड़ प्रांत ने किया 6 पत्रकारों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** विश्व संवाद केन्द्र चित्तौड़ प्रांत की ओर से देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर रविवार को कोटा में श्रीनाथपुरम स्थित शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार में प्रांत स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें चित्तौड़ प्रान्त के अंतर्गत शामिल 14 जिलों से विभिन्न श्रेणियों में चयनित 6 पत्रकारों को 11-11 हजार रुपये नकद पुरस्कार व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि देवर्षि नारद पत्रकारिता में भारतीय परंपरा के आदर्श पर्याय बने। आज समाज अपने आसपास और दुनिया में क्या हो रहा है, यह जानने के लिये उत्सुक रहता है। जनता को सही सूचना, सही समय पर सही जगह तक पहुंचाना पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हम अपनी उद्देश्यपरक सूचनाओं से पाठक की प्रवृत्ति को सकारात्मक बना सकते हैं। पत्रकार जो लिख रहे हैं, नारदजी की तरह उसकी गहराई में जायें। आज विधा के साथ तकनीकी स्किल भी जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सेना ने आक्रमण की सटीक क्षमता से दुनिया के सामने भारत का गौरव बढ़ाया है। देश पर संकट के समय हम क्या दिखायें, क्या नहीं दिखायें, इस मुद्दे पर राष्ट्रहित में पूरी गंभीरता रखनी होगी। हम देशहित के विरुद्ध कोई जानकारी नहीं दें। घटनाओं को बढ़ा चढ़ाकर प्रस्तुत नहीं करें। समाचारों में जानकारी को परिष्कृत किया जाये। समाज में विद्वेष न फैले, इसके लिये सोशल मीडिया पर सही जानकारी देखने के बाद ही आगे बढ़ें।

आम्बेकर ने कहा कि अभी देश में उत्साह, गर्व और स्वाभिमान का वातावरण है। यही वातावरण सभी क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ायेगा। देश में एकता व सद्भाव बनाये रखने के लिये पत्रकारिता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। नये भारत के निर्माण में हमें पुरानी संस्कृति एवं विरासत को आम सहमति से जोड़कर आगे बढ़ना है, क्योंकि आम सहमति से ही लोक जागरण होता है। राममंदिर बनने से पूर्व 40 वर्ष तक लोक जागरण जारी रहा। आज भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिये सहमति बनाने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। उन्होंने भाषा को लेकर हो रहे विवादों पर भी कहा कि हर देश अपनी भाषा के साथ आगे बढ़ रहा है, इस तथ्य को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। हमारे समाज में अपनी भाषा के प्रति इतना विश्वास स्थापित हो ताकि हम अपनी भाषा को ओर समृद्ध बना सकें। नये भारत के निर्माण में नई तकनीक के साथ भारतीय संस्कृति का समावेश भी हो।




**भारतीय पत्रकारिता नैतिकता पर टिकी :** मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि टेक्नोलॉजी के इस दौर में पत्रकारिता के सामने चुनौतियां ज्यादा हैं। जर्नलिज्म नॉलेज और विश्लेषण पर आधारित है। समाज की दशा और दिशा पर लिखकर हम जनमत बनाते हैं। समाचारों में नेगेटिव सूचनाओं के साथ अच्छाई को भी सामने लाकर हम रिफॉर्म कर सकते हैं। आज के समाचार पत्र सीएसआर के तहत जनहित में कई उपयोगी अभियान चलाकर सामाजिक उत्तरदायित्व भी बखूबी निभा रहे हैं। अन्य देशों की तुलना में भारतीय पत्रकारिता आज भी नैतिकता पर टिकी है। वीएमओयू में पत्रकारिता विभाग के प्रमुख प्रो. सुबोध कुमार ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारों को पल-पल की ताजा जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया पर अधिकांश कंटेंट कचरे की तरह आगे बढ़ता रहता है, इसलिये प्रिंट मीडिया की जिम्मेदारी बड़ी होती है। प्रिंट मीडिया में छपे शब्दों का महत्व बना रहता है, इसलिये शब्दों का चयन सावधानी से करें।

शिव ज्योति एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन महेश गुप्ता ने समारोह की अध्यक्षता की। कोटा विभाग प्रचार प्रमुख चंद्रशेखर साहू ने बताया कि आवेदन करने वाले सभी प्रतिभागी पत्रकारों को ई-प्रशस्ति पत्र भेजकर सम्मानित किया जाएगा।

**इनको मिला देवर्षि नारद पत्रकार सम्मान :** विश्व संवाद केन्द्र चित्तौड़ प्रांत के सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि सम्मान समारोह में उत्कृष्ट फोटो जर्नलिस्ट श्रेणी में हिमांशु शर्मा (अजमेर), उत्कृष्ट स्तंभकार श्रेणी में विवेक वैष्णव (चित्तौड़), प्रिंट मीडिया श्रेणी में क्रिश जायसवाल (छीपाबड़ौद), डिजिटल मीडिया श्रेणी में मनीष गौतम (कोटा), महिला पत्रकार श्रेणी में कृतिका शाह (प्रतापगढ़) एवं कंटेंट क्रिएटर (यूट्यूब) श्रेणी में प्रवीण मीणा (इटावा) को पुरूस्कृत किया गया। समारोह में कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, ब्यावर, प्रतापगढ़ व सलूम्बर जिले के पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में शामिल राजेन्द्र लालवानी, एसपी मित्तल, कौशल मूंदड़ा का भी सम्मान किया गया।

## टेकू चौधरी की बगीची पर पूजा के दौरान हुआ झगड़ा दो पक्षों में हुई लाठी-भाटा जंग,एक तेल व्यापारी गंभीर घायल,दूसरे पक्ष के लोग भी हुए चोटिल,

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के होद मोहल्ला स्थित टीकू चौधरी की बगीची पर शनिवार की शाम झगड़े का मामला सामने आया है। दो पक्षों के बीच हुए लाठी डंडा और पत्थरों के इस हमले में तेल व्यापारी के साथ दूसरे पक्ष के लोग घायल हुए हैं। घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार शहर के मलक पाड़ा मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय तेल व्यापारी रामकुमार चौधरी पुत्र रामबाबू चौधरी अपनी पत्नी अर्चना और दुकान के नौकर एवं बच्चों के साथ टीकू चौधरी बगीची स्थित हनुमान मंदिर पर शनिवार की शाम पूजा करने गए थे। इस दौरान पड़ोसियों ने आकर पहले गाली-गिलोच की और बाद में हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई और बाद में लाठी-डंडों से हमला किया गया। जिसमें तेल व्यापारी रामकुमार चौधरी बुरी तरह घायल हो गया। घायल को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। जानकारी मिली है कि उक्त झगड़े में दूसरे पक्ष के लोग भी चोटिल हुए हैं लेकिन उनकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं घायल व्यापारी रामकुमार चौधरी की पत्नी अर्चना चौधरी ने कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। झगड़े के पीछे क्या कारण रहे इसका स्पष्ट खुलासा तो नहीं हो सका है लेकिन जानकारी मिली है कि मंदिर और आरोपी पक्ष के घरों के आसपास सिवाइचक भूमि है। जिस पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षो के बीच कहासुनी हुई है साथ में बिजली लाइन पर तार डालने को लेकर दोनों पक्षो के बीच पूर्व में झगड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## शहीदों के सम्मान में सर्वसमाज का रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सर्व समाज के द्वारा गांधीनगर सेवर रोड स्थित ब्रजभूमि फार्म हाउस पर 19 मई को शहीदों के सम्मान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है इस संबंध में सर्व समाज के द्वारा गांधीनगर सेवर रोड स्थित ब्रजभूमि फार्म हाउस पर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन से गंगाराम पाराशर, टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ आलोक शर्मा, नीरज पार्षद, ब्रजभूमि कल्याण परिषद से अनिल भारद्वाज, समता आंदोलन समिति के केदारनाथ पाराशर, विधायक प्रत्याशी तपन शर्मा, कुंवर सिंह ततावर, नीतू शर्मा, आदि के द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया तथा सभी ने रक्तदान के महत्व व शिविर की व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन रविकांत शर्मा अतुल शर्मा मालीपुरा द्वारा किया गया इस अवसर पर राहुल शर्मा, उत्कर्ष उपाध्याय, गौरव तिवारी, कोमल शर्मा, दीक्षांत उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा, मयंक शर्मा, विवेक शर्मा, महेंद्र सिंह, मधुर अवंतिका हिंदू आदि उपस्थित रहे।

## चोरों ने सूने मकान से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी चुराई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सोडाला थाना इलाके में सूने मकान से चोर लाखों रुपए के सोने—चांदी के जेवरात सहित नकदी चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान मकान मालिक परिवार सहित बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चलने पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई भगवान सहाय ने बताया कि सोडाला के पटेल नगर में रहने वाले ओमप्रकाश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि उनका बेटा नोएडा में रहता है। जिसके चलते वह 10 मई को परिवार के साथ नोएडा गए थे। इस दौरान पीछे से चोरों ने सूने मकान रेकी करते हुए मकान में घुसे और अलमारी लाखों रुपए के सोने—चांदी के जेवरात सहित नकदी और सामान चोरी कर ले गए। गत दो दिन पहले वापस लौटने पर चोरी का पता चलने पर पुलिस को सूचित किया गया। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए।

## अजीतपुरा के राउमाविधालय का उर्दू अध्यापक निलम्बित

बढ़ता राजस्थान

भादरा (नि.स.)। भादरा के अजीतपुरा पीएमश्री विधालय के अकरम खान अध्यापक लेवल 2 उर्दू को सोशल मिडिया पर पाकिस्तानी सैनिकों की पोस्ट लाईक व शेयर कर गंभीर कदाचरण एंव अनुशासनहीनता बरतने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भादरा की अभिशंषा के आधार पर विभागीय जाँच विचाराधीन रखते हुए राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण नियंत्रण एंव अपील 1958) के नियम 13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इन्हें दिनांक 18.05.2025 से तुरन्त प्रभाव से निलम्बित कर दिया है, निलम्बन काल में अकरम खान अध्यापक लेवल 2 उर्दू का मुख्यालय कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पीलीबंगा होगा।

# कॉलेज के नवीन भवन में जाने के बावजूद खाली पड़ी बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं हुआ सीबीईओ कार्यालय, 6 माह से अटकी है शिफ्टिंग

### स्थान अभाव व पुराना भवन होने की वजह से आए दिन कर्मचारियों को बैठने और कार्य करने में परेशानी का करना पड़ रहा सामना

बढ़ता राजस्थान



**सैंपऊ/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** कस्बा स्थित कुशवाह मढ़ी मौहल्ले में प्राइमरी स्कूल की जर्जर बिल्डिंग में संचालित सीबीईओ कार्यालय अधिकारी और कर्मचारियों की हठधर्मिता के चलते धौलपुर मार्ग पर प्राइमरी स्कूल की खाली पड़ी बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं हो पा रहा है, जबकि बिल्डिंग के अंदर संचालित गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को नवीन भवन में शिफ्ट कराने के लिए सीबीईओ ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिए भवन की जरूरत बताते हुए प्राइमरी की बिल्डिंग को खाली कराने के लिए खूब जोर लगाया गया। ताज्जुब की बात है कि जब भवन खाली हो गया तब मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ ऑफिस ट्रांसफर करने से कतरा रहे हैं। जिसका खामियाजा ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में वितरण के लिए राज्य सरकार से आने वाली पाठ्य पुस्तक, शैक्षणिक सामग्री सहित स्टाफ को बैठने के लिए भवन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मढ़ी स्थित वर्षों पूर्व बंद हो चुके प्राइमरी स्कूल के जिस भवन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय संचालित है उसमें एक बड़े कमरे और दो छोटे कमरे मौजूद हैं। एक कमरे में कंप्यूटर लैब और पूरा स्टाफ बैठकर काम कर रहा है, दूसरे कमरे में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का ऑफिस संचालित है वही स्कूल की रसोई को तीसरे कमरे के रूप में स्टोर रूम बना रखा है। जो रद्दी और पुरानी शैक्षणिक सामग्री से भरा पड़ा है। स्थान अभाव और पुराना भवन होने की वजह से आए दिन कर्मचारियों को बैठने और कार्य करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसके बावजूद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के द्वारा धौलपुर मार्ग पर खाली पड़े सात कमरों के प्राइमरी भवन के अंदर कार्यालय को शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। जबकि इस भवन का खुद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार शर्मा 11 दिसंबर को पूजा पाठ एवं फीता काटकर उद्घाटन कर चुके हैं।

**ऑन रोड़ है नया भवन इसलिए आने से कतरा रहे :** सीबीईओ ऑफिस के जिस भवन में शिफ्ट होने की कवायद चल रही है वह धौलपुर मार्ग पर फ्रंट में मौजूद है और सभी की पहुंच में है जबकि कुशवाह मढ़ी पर प्राइमरी स्कूल में संचालित कार्यालय इंटीरियर में होने के कारण हर किसी की पहुंच में नहीं। निरीक्षण एवं अन्य कार्य से आने वाले प्रशासनिक एवं शैक्षिक अधिकारियों को धौलपुर मार्ग पर नवीन भवन पहुंचने में आसानी रहेगी वहीं कुशवाह मढ़ी कार्यालय पहुंचने के लिए खोज पड़ताल करनी पड़ेगी। ऐसे में अधिकारियों के निरीक्षण और दौरों से परेशानी पैदा होने के चलते भी शिफ्टिंग का मामला अटका है।

**मेंटेनेंस और रंगाई पुताई में खर्च हो चुके 80000 :** कार्यालय के एक कर्मचारी ने बताया कि नवीन कॉलेज भवन बनने के बाद प्राइमरी स्कूल के भवन में संचालित पीजी कॉलेज को नया भवन मिलने के बाद से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की शिफ्टिंग को लेकर चर्चा चलने लगी थी। इसी दौरान बिल्डिंग के अंदर मेंटेनेंस और रंगाई पुताई पर 80000 खर्च कर दिए गए। 11 दिसंबर को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता भी काट दिया। तब लगा कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा, लेकिन 5 महीने का समय निकलने के बाद अभी तक शिफ्टिंग अटकी पड़ी है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

## जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है भागवत कथा : आचार्य योगेश तिवारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** स्थानीय नाना साहब का वाड़ा स्थित कायस्थपाड़ा स्कूल में सात दिवसीय भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने पीत वस्त्र धारण कर अपने सिर पर कलश सजाकर नाचते-गाते हुए कालीमाई के मंदिर से यात्रा प्रारम्भ की,जो गड़रपुरा रोड, पुराना डाकखाना, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, नृसिंह रोड, बजरिया रोड होते हुए कथा स्थल कायस्थ पाड़ा स्कूल पहुंची। इस दौरान जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और कलश यात्रा एवं भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य योगेश तिवारी का जगह-जगह स्वागत किया गया। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने कलश यात्रा का जलपान करा कर स्वागत किया। श्रद्धालु हरि कीर्तन करते हुए कलश यात्रा के पीछे-पीछे चल रहे थे। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल रहे।

गर्मी को देखते हुए श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक समस्त भक्त मंडल बजरिया और श्रीकृष्ण गौ सेवा समिति ने कलश यात्रा के मार्ग में पानी का छिड़काव कराया तथा पूरे रास्ते भर कूलरों का प्रबंध किया गया। कलश यात्रा के बाद प्रथम दिन कथा प्रवक्ता आचार्य योगेश तिवारी ने भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है, इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। कथा प्रवक्ता ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था।

## बाड़ी में पारा 44 डिग्री पार : जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या 1500 पहुंची, डॉक्टर्स ने दी सावधानी बरतने की सलाह



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। एक सप्ताह पहले तक 38 डिग्री पर स्थिर तापमान अब तेजी से बढ़ रहा है। गर्मी के कारण शहर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बाजार और गलियां सूनी दिख रही हैं। लोग केवल जरूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई है। पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल के अनुसार, अस्पताल की ओपीडी में 1500 से अधिक और आईपीडी में 270 मरीज हैं। बेड की कमी के कारण शिशु वार्ड में एक बेड पर दो से अधिक बच्चों को रखना पड़ रहा है। अन्य वार्ड भी पूरी तरह भरे हुए हैं।अस्पताल में सबसे ज्यादा उल्टी-दस्त, डायरिया और हीट वेव के मरीज आ रहे हैं। डॉ. आनंद वर्मा ने लोगों को सलाह दी है कि दिन में कम से कम 4-5 लीटर पानी पीएं। नींबू शिकंजी, नारियल पानी और शरबत का सेवन अधिक करें।

## खाने में बिषाक्त पदार्थ से पति सहित 5 लोग हुए बेसुध 6 साल के बेटे को लेकर महिला हुई फरार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर नगर पालिका क्षेत्र के बरपाड़ा मोहल्ला में एक विवाहिता ने अपने परिवार के खाने में नशीली दवा मिलने के बाद स्वयं के 6 वर्षीय बेटे को लेकर शनिवार को फरार हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रीति सैनी ने अपने घर में कढ़ी चावल बनाए थे जिसमें कुछ मिलाकर परिवार के सदस्यों को खाने के लिए दिया खाना खाने के उपरांत प्रीति का पति राजू सैनी देवरा श्याम सुंदर भरत राजेश एवं सास कम्पो बेहोश हो गए । परिवार के एक सदस्य कमल को कढी पसंद नहीं होने के कारण उसने नहीं खाई और वह बच गया। कमल कम पर चला गया शाम को जब गांव से लौटा तो देखा सभी परिवरीजन बेहोश पड़े थे। पड़ोसियों के सहयोग से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने सभी का उपचार जारी किया। सभी खतरे से बाहर है।

**8 साल पूर्व हुई थी शादी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू की प्रीति से 8 वर्ष पूर्व निकटवर्ती वैर थाना क्षेत्र के गांव कंचनपुर में शादी हुई थी जिसके 6 वर्ष का एक बेटा है प्रीति के इस कदम के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। थाना अधिकारी नरेश शर्मा की टीम विभिन्न ऐंगिलो से घटना की जांच में जुटी है। परिवार के अनुसार, राजू की शादी प्रीति से 8 साल पहले वैर के गांव कंचनपुर में हुई थी। प्रीति के इस कदम के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। थानाधिकारी नरेश चंद्र शर्मा ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि घर से कोई सामान गायब है या नहीं।

## आयुक्त ने निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने ओवरफ्लो छितरिया ताल के पानी निकासी के लिए बनाए जा रहे निर्माणाधीन नाले का शनिवार को निरीक्षण किया। उसकी गुणवत्ता को जांचा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि मानसून में 2 महीने से भी कम समय बचा है। उससे पहले छितरिया ताल के ओवरफ्लो पानी की निकासी के लिए नगर परिषद छितरिया ताल से मचकुण्ड रोड स्थित दगरे में से एक 10 फीट चौड़ा नाला बनवा रहा है। जो चंबल तक नदी तक जाएगा। इसी नाले के सहारे छितरिया ताल के पानी को चंबल नदी तक पहुंचाया जाएगा। जिससे आने वाले मानसून में छितरिया ताल के ओवरफ्लों होने पर निचली कॉलोनियों में जलभराव की स्थितियां पैदा नही होने पाए। जिसे लेकर नगर परिषद पूरा प्लान तैयार कर रहा है। जिला कलेक्टर के नेतृत्व में काम चल रहा है। छितरिया ताल के ओवरफ्लो जल को ओर कहा कहा किस काम में लिया जा सकता है।

## जिला अग्रवाल महिला संगठन द्वारा माँ-बेटी संस्कार सम्मेलन का आयोजन परिवार खुशहाल रखने के लिए संस्कार के साथ सदस्यों में सामंजस्य जरूरी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की सत्यनारायण धर्मशाला जिला अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मां बेटी संस्कार सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न इकाइयों और क्षेत्रों से जुड़ी जानी-मानी हस्तियों एवं अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का उद्देश्य पारिवारिक मूल्यों,संस्कारों एवं महिला जागरूकता को नई दिशा देना था। जिसका शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चरणों में दीप प्रज्वलन एवं आरती से किया गया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। अग्रवाल महिला मंडल की जिलाध्यक्ष सरोज मंगल ने अपने स्वागत भाषण में,सम्मेलन के उद्देश्य और महिला संगठन की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज की रीढ़ महिला है और जब माँ-बेटी एक साथ जागरूक होंगी तो पूरे समाज में परिवर्तन आएगा।

कार्यक्रम मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल मंगल ने परंपराओं और आधुनिकता के संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया।स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेनू अग्रवाल ने महिलाओं और बच्चियों के स्वास्थ्य,आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान पर प्रकाश डालते हुए एक सशक्त प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता सोनिला गौड़ ने बेटियों को प्रेरणादायक जीवन जीने का प्रभावी संदेश दिया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्लेयर कुमारी तनु शुक्ला ने खेल के माध्यम से आत्मविश्वास और अनुशासन के निर्माण पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय मंत्री कमलेश आर्य ने की जिन्होंने बच्चियों को जीवन मूल्यों,आत्मरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके उपरांत बेटियों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अग्रवाल समाज ऋषि गर्ग और युवा मंत्री शिल्पी ने भी अपने विचार रखें। मंच संचालन डॉ निरमा सिंघल व मती नीतू सिंघल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा ऑपरेशन सिंदूर जिसमें देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों को श्रद्धांजलि स्वरूप देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिन्द जैसे नारों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम मे कार्यक्रम संयोजिका शिप्रा गर्ग सुनील जी गर्ग, प्रमोद गर्ग, डॉ शिवदयाल मंगल, दीपक सिंघल,हरिशंकर सराफ रामकुमार गर्ग,सचिन बंसल,मंथन मित्तल,नीलम गर्ग,नीलम मंगल,मंजू मंगल,मिथिलेश गर्ग,आशा मित्तल,प्रीति सिंगल,सुमन गोयन,सीमा सिंघल, मिथलेश सिंघल,शिमला मंगल,मालती मित्तल,रानी गर्ग कविता मित्तल हेमलता गोयल रमा सिंघल,शीतल मंगल के साथ सेकड़ो की संख्या में महिलाओ ने भाग लिया।

## तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** ऑपरेशन सिन्दूर की गौरवमयी सफलता के बाद भारतीय सेना के लोग एवं उत्साहवर्धन हेतु पूरे देश में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य आतिथी पूर्व प्रदेश मंत्री एवं तिरंगा यात्रा के संभाग समन्वयक भानुप्रताप राजावत एवं भगवानदास शर्मा रहे। बैठक में पूर्व एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी, सभी मण्डल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में तिरंगा यात्रा के संभाग समन्वयका भानुप्रताप राजावत एवं भगवानदास शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा 19 मई को सायं 4 बजे ट्रैफिक चौराहा से प्रारम्भ होगी जो मुख्य बाजार होते हुए लक्ष्मण मन्दिर चौक पर जाकर समाप्त होगी। इस तिरंगा यात्रा में 500 फीट लम्बा तिरंगा लेकर पूरा जनसमुदाय साथ चलेगा। बाजार में जगह-जगह विशाल तिरंगा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। इस विशाल तिरंगा यात्रा में सभी जाति, धर्म, मजहब, समुदाय के नागरिक शामिल होंगे इसके अतिरिक्त पूर्व सैनिक एनसीसी कैडिट, स्काउट एवं स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी हजारों की संख्या में शामिल होंगे। सभी संयोजकों की जिम्मेदारी दे दी गयी है। बैठक में जिला संयोजक गौरव सरपंच और जगत गुर्जर ने तिरंगा यात्रा में भरतपुर जिले के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस बैठक में रज्जन सिंह ,दुर्गेशबूटीलिया, नरेन्द्र सिंघल, नवीन दुबे, देवेन्द्र चामड, आकाश होनी, हेमू, भवनपुरा, सुन्दर सिंह , विजेन्द्र सिंह, जगमोहन , सौरभ ताखा,, चन्द्रवीर जधीना, कुलदीप, विजेन्द्र सहना, वीरेन्द्र गुर्जर, प्रभाकर आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा में महेश नवमी पर 1200 लोगों ने किया जुम्बा-डांस, एसपी ने दिया फिटनेस का संदेश

## माहेश्वरी समाज के युवाओ सहित बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओ ने लिया मैराथन दौड़ में हिस्सा

### महेश मैराथन में गूंजा जय महेश, दौड़े समाज के धावक

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** भगवान महेश की जय, जय महेश, जय महेश, भारत माता की जय, के जयघोष से महेश एकेडमी परिसर गूंज उठा। मौका था श्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत रविवार को मैराथन दौड़ का। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की मेराथन की शुरुआत सुबह 6.30 बजे महेश एकेडमी से जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, एएसपी पारस जैन के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, पुर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी व राधेश्याम सोमानी, श्रीगोपाल राठी, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, ओम नरानीवाल, राजेन्द्र कचोलिया, केदार गगरानी, संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमानी, मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मून्दडा ने हरी झंडी दिखाकर की। एएसपी पारस जैन ने सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्द्वन करते हुए मैराथन मे भाग लिया और माहेश्वरी समाज के बच्चे, युवा, महिलाओं ओर बुजुर्गों के साथ दौड़ लगाई। महेश स्पोटस एकेडमी से करीब 4 किमी की मैराथन आयोजित हुई। एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने इस मौके पर सभी माहेश्वरी समाज को आने वाले महेश नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जो जुम्बा डांस और मैराथन का कार्यक्रम आयोजित किया। बहुत ही अच्छा है, इससे समाज में फिटनेस का संदेश जाएगा। मैराथन में माहेश्वरी समाज के करीब 1200 मेंबर ने रजिस्ट्रेशन कराया। सभी पार्टिसिपेंट्स को टीशर्ट और कैप, टामिंग चिप, मैडल प्रदान किए। आयोजन के तहत मैराथन से पहले महेश स्कूल कैंपस में जुम्बा डांस में का आयोजन किया गया। 1200 से अधिक व्यक्तियों ने मैराथन की शुरूवात जुम्बा वॉर्म-अप से की गई, जिसे भीलवाड़ा की प्रसिद्ध और प्रमाणित जुम्बा इंस्ट्रक्टर जिन अकांक्षा नामा ने संचालित किया। अकांक्षा नामा ने अपनी एनर्जेटिक टीम और छात्रों के साथ कार्यक्रम को शानदार तरीके से लीड किया। उनकी जोशीली प्रस्तुति से माहौल ऊर्जा और उत्साह से भर गया। सभी प्रतिभागियों ने जुम्बा सेशन का भरपूर आनंद लिया और इसे एक शानदार अनुभव बताया। मेराथन प्रभारी नारायण तोषनीवाल, मयंक भदादा व संजय लाहोटी ने बताया की मैराथन मे करीब 1200 समाज जनो ने भाग लिया। विजेता रहे सभी प्रतिभागियो को प्राइज दिया गया। सह संयोजक सुरेश बिरला व केजी राठी ने बताया की इस दौरान सीमा कोगटा, प्रीति लोहिया, सुमन सोनी, सोनल माहेश्वरी, सत्येंन्द्र बिरला, रमेश राठी, सुरेश कचोलिया, रामकिशन सोनी, सुशील मरोटिया, राजेंद्र पोरवाल, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, एड. केदार जागेटिया, अतुल राठी, अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, प्रहलाद नुवाल, दिनेश पेड़ीवाल, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, अकिंत लाखोटिया, सहित विभिन्न क्षैत्रीय सभाओं के अध्यक्ष, मंत्री, विभिन्न प्रदाधिकारी व कई प्रकोष्ठो के प्रभारी व समाज जन उपस्थित रहे।



# स्वर्णकार समाज की पहली बार बूंदी जिले में गठित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला मैंढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महासभा संस्था कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को अथतियों द्वारा स्वर्णकार समाज के आराध्य महाराज अजमीढ़ जी के दीप प्रजलन के साथ जैन नौहरा,चोगान गेट स्कूल गेट स्कूल के सामने बूंदी में दोपहर दो बजे प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का समाज बंधुओ द्वारा पगड़ी, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। चैतन्य सोनी जिला मिडिया प्रभारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में मूख्य अतिथि रहे डॉ. कृपा कृष्ण गौतम (सेवानिवृत)वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय एवं प्रोफेसर ऑफ इंग्लिश, डॉ गौतम ने जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाई उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्णकार समाज बंधु को द्वेष एवं ईर्ष्या की भावनाओं को निकाल कर सम भाव से समाज हित में कार्य करना चाहिए। हम जिस भी पद या औधे पर हो या प्रशासनिक स्तर हो, उसमें भी सामाजिक कार्य हमें करना चाहिए और समाज को आगे बढ़ना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षता डॉ.एस.एन. सोनी निदेशक, चांदनी हॉस्पिटल कोटा ने की। डॉ.सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्णकार समाज सभी समाजों में से अभिन्न अंग हैं। पांच क मजबूत है तो स्वर्णकार समाज भी मजबूत होगा जो निम्न है कार्यक्रम, कार्यकारिणी, कोष, कप्तान तथा क्रियान्वयन हैं। समाज में अच्छे बदलाव के लिए समाज को संगठित करना चाहिए। विशिष्ट अथिति रामनारायण सोनी पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी बूंदी ने कहा कि स्वर्णकार समाज को संगठित करने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। सोने-चांदी के भाव के विषय को सरकार तक पहुंचाना चाहिए।

तथा डॉ.मोहनलाल सोनी सदासुखी नर्सिंग होम, बून्दी ने कहां कि समाज संगठित होना आज के समय की आवश्यकता हैं। मंच पर डॉ.दीक्षांत सोनी जिलाध्यक्ष एवं सरिता सोनी महासभा मेल मोर्चा जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष डॉ.दीक्षांत सोनी ने अपने स्वागत भाषण में अतिथि स्वागत सत्कार के साथ कहा कि जो आज स्वर्णकार समाज का संगठन खड़ा हुआ हैं। ये उदेश्य है संगठन समाज को मजबूत करने के लिए समाज की हर हक की लड़ाई को लड़ने के लिए, समाज को एक जाजम पर एकत्रित करने के लिए बरशक तन-मन से हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।

महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रेखा सोनी ने बताया कि आप महिलाओं को भी अपने घर से बाहर निकले और संगठन से जोड़ें महिलाओं को हम जोड़ने के लिए आवश्यक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन भगवान सोनी एवं हिम्मत राम सोनी ने किया। महिला मोर्चा जिला बूंदी पूरी कार्यकारिणी के साथ उपस्थिति रही।

राधावल्लभ सोनी, रामनारायण सोनी, पवन सोनी, मुकेश सोनी, महेश सोनी, भगवान सोनी, चैतन्य सोनी, कुलदीप सोनी, गोपाल सोनी, प्रेमशंकर सोनी, मंगल सोनी, दीपक सोनी, श्यामबाबू सोनी, योगेश सोनी, गोपाल सोनी, कन्हैयालाल सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, प्रदीप सोनी, रामचरण सोनी, हिम्मतराम सोनी आदि स्वर्णकार समाज बंधु मौजूद रहे।

# 20 मई को तिरंगा यात्रा में उमड़ेगा जन सैलाब, सर्व समाज का मिला समर्थन

## राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समिति के बैनर तले सेना के सम्मान में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान एवं गौरव के लिए शहर में 20 मई को राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समिति के आह्वान पर निकलने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर सर्व समाज एवं संगठनों की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा एवं तिरंगा यात्रा जिला संयोजक महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में निगम सभागार में आयोजित हुई। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि सेना का सम्मान हम सभी के लिए गौरव का विषय है, इस आयोजन से दिलों में देशभक्ति की भावना और मजबूत होगी। तिरंगा यात्रा जिला संयोजक राकेश पाठक ने इस यात्रा को गैर राजनीतिक कार्यक्रम बताते हुए सर्व समाज एवं संगठनों, राजनैतिक दलों, व्यापारिक संगठनों, आमजन से इस यात्रा में भागीदारी निभा एकता का संदेश देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 20 मई को सायं 5.30 बजे तिरंगा यात्रा चित्रकूट धाम से प्रारंभ होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः चित्रकूट धाम पहुंच संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में भारतीय ध्वज तिरंगे के साथ भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे मातरम के नारों से शहर गुंजायमान होगा। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने तिरंगा यात्रा को समर्थन देते हुए इसे ऐतिहासिक सफल बनाने का संकल्प जताया। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार आंचलिया, विश्व हिंदू परिषद से गणेश प्रजापत, माली समाज से नंदलाल माली, राव वेताल क्षत्रिय सेवा संस्थान से नागेन्द्र सिंह राव, फुलेरिया माली समाज से दिनेश कुमार माली, सीए ब्रांच से आलोक पलोड़, अक्षय सोडानी, आलोक सोमानी, सारस्वत सेवा मंडल से अक्षय सारस्वत, फीड से गीतांशु अग्रवाल, ध्रुव चौधरी, गोविंद लड्ढा, युवा अग्रवाल समाज से दिनेश अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से हरीश अग्रवाल, भारतीय मजदूर संघ से पन्नालाल चौधरी, विक्रम सिंह, ब्रह्माकुमारी से सागरमल सैनी, सिंधी समाज से राजेश माखीजा, लघु उद्योग भारती से कमलेश मुनोत, शंभू प्रसाद काबरा, राजकुमार मेहता, ओमप्रकाश जागेटिया, दुर्गा शक्ति से दौलत माली, आर्टिस्ट के जी कदम, अधिवक्ता परिषद से रघुनंदन सिंह कानावत, विप्र सेना से दीपक सुल्तानिया, हिन्दू जागरण मंच से लक्ष्मण सिंह राठौड़, साकेत रामायण मंडल से नवल भारद्वाज, सतत सेवा संस्थान से चंद्रशेखर शर्मा, गुजराती मोची समाज से चंद्रप्रकाश सिसोदिया उपस्थित रहे। इसी प्रकार महिला संगठनों में श्री महेश बचत साख समिति से रीना डाड, अनीता सोमानी, सुधा चांडक, विश्वास फाउंडेशन से आशा रामावत, वैश्य फेडरेशन महिला शाखा से लीला राठी, नगर माहेश्वरी महिला संस्थान से सुमन सोनी, जेएसजी संगिनी से पुष्पा गोखरू, जैन कॉन्फ्रेंस से निर्मला बूलिया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोटडी चौराहा पर स्थित पुलिया को भीलवाड़ा मुख्य मार्ग से सीधे जोड़ने और सर्विस लेन चौड़ी करने की रखी मांग

## विधायक कोठारी ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने एनएच 758 (भीलवाड़ा-लाडपुरा) रोड पर कोटडी चौराहा स्थित फ्लाईओवर का दौरा कर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीरो ब्लैक स्पॉट के अंतर्गत इस फ्लाईओवर को सुधारने हेतु केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा और फ्लाईओवर का अंडरपास को सीधे भीलवाड़ा के मुख्य मार्ग से जोड़ने और सर्विस लेन चौड़ी करने हेतु आग्रह किया। विदित रहे कि भीलवाड़ा से कोटा की तरफ जाते समय फ्लाईओवर का कट मुख्य रोड से सीधा नहीं देकर बायीं ओर 100 मीटर आगे दिया हुआ है, उक्त कट कोई वाहन मुख्य फ्लाईओवर पर चढ़ता है तो जीरो विजिबिलिटी के कारण ब्लैक स्पॉट/ एक्सीडेंटल जोन बन गया है। इसी के साथ भीलवाड़ा से कोटा जाने वाली रोड पर 300 मीटर अंदर सर्विस रोड पर व्हीकल अंडरपास दिया गया है। उक्त सर्विस रोड के एक तरफ नाला व दूसरी तरफ फुटपाथ होने के कारण रोड इतना संकड़ा है कि एक साथ 2 वाहनों का क्रॉसिंग सम्भव नहीं है, किंतु अन्य कोई विकल्प नहीं होने के कारण मजबूरन प्रत्येक वाहन को गलत साइड में जाना पड़ रहा है, जो दुर्घटना का मुख्य कारण बनता जा रहा है, जिसके कारण वाहन के टकराने से कई जनहानि हो चुकी है।

### नानी बाई के मायरे के दूसरे दिन हुआ हुण्डी भक्तिरस प्रसंग

# पंथ द्वारका पिंपली धरी पत्रिका जाए, नरसी पाछा फिरया जदुपति लई उठाई : गोपाल कृष्ण

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शहर के सदर बाजार स्थित श्रृंग भवन मे चल रहे संगीतय नानी बाई के मायरे के दूसरे दिन रविवार को कथा व्यास गोपाल कृष्ण महाराज ने नरसी के जीवन से जुडे हुण्डी भक्तिरस प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास गोपाल कृष्ण महाराज ने कहा कि साधु संत 700 रूपये नरसी जी को प्रदान करके गये तो तब वह द्वारिका गए वहां श्री सांवल साहा द्वारिका में नगर के राजा ने कहा की यह नरसी ढोंगी है यदि भक्त है तो श्री ठाकुर जी के गले में जो माल है यह नरसी के कंठ में प्रदान हो तब नरसी जी ने पूरी रात भजन गए तब राजा की पत्नी ने आकर रात में पानी पिलाया और सुबह 4 बजे श्री ठाकुर जी के कंठ में जो माला थी वह माला भी सुबह नरसी जी के गले में पाई गई। तब संसार वालों को यह एहसास हुआ की भक्ति जागृति है। कथा व्यास गोपाल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि नरसी मेहता की बेटी कमरीबाई की बेटी तुलसी का जब विवाह उत्सव हुआ तब लग्न पत्रिका लिखी तो नरसी मेहता को कुमकुम पत्रिका मिला उसमें अपार माहिरा लिख दिया। गोकुल जी महाराज वह कुमकुम पत्रिका लेकर जूनागढ़ गुजरात में नरसी मेहता के घर पहुंचे और वह कुमकुम पत्रिका नरसी मेहता एक पीपल के के नीचे रख के भगवान से याचना करते हैं। पंथ द्वारका पिंपली धरी पत्रिका जाए। नरसी जी पाछा फिरया जदुपति लई उठाई। इस दौरान नानी बाई के मायरे का हुण्डी प्रसंग सुनने के लिये श्रृंग समाज की महिलाएं बडी तादात मे मौजूद रही।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के पहलवानों की स्वर्णिम सफलता

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पटना, बिहार में भारत सरकार द्वारा आयोजित सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में राजस्थान के पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 11 से 15 मई तक आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान की महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने पदक तालिका में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया। राजस्थान की महिला कुश्ती टीम ने उपविजेता बनकर जनरल चैंपियनशिप का खिताब राज्य के नाम किया। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट ने जानकारी दी कि 65 किलोग्राम महिला वर्ग में अश्विनी विश्नोई ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 60 किलोग्राम फ्री स्टाइल में दक्ष शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर गौरव बढ़ाया। 69 किलोग्राम महिला वर्ग में पलक यादव ने रजत पदक जीता। 57 किलोग्राम महिला वर्ग में कविता माली ने कांस्य पदक अर्जित किया। 71 किलोग्राम फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में आर्यन शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया। 49 किलोग्राम महिला वर्ग में कोमल वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 46 किलोग्राम में कशिश गुर्जर ने भी कांस्य पदक जीता। 65 किलोग्राम ग्रीको रोमन शैली में विष्णु कुमार ने कांस्य पदक जीता। 92 किलोग्राम फ्री स्टाइल में मनीष चौधरी ने कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य की पदक सूची में और इज़ाफा किया। इस अवसर पर राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता, सचिव उम्मेद सिंह झांजड़िया, पूर्व खेल अधिकारी सत्यप्रकाश लुहाच एवं मोनू बराड़ ने राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन नीरज के पवन, सचिव राजेन्द्र सिंह, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित मुख्य खेल अधिकारी वीरेंद्र पुनिया एवं खेलो इंडिया चीफ डे मिशन राजस्थान के अधिकारी रणविजय सिंह चम्पावत के साथ सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एवं राजस्थान टीम के प्रशिक्षकों राम रतन गुर्जर, नरेंद्र सिंह, गौतम सिंह और महिमा चौधरी को हार्दिक बधाई दी।राजस्थान की इस उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि राज्य की खेल प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है।

# वाहन चोरों का गिरोह, क्षेत्र में हुवा सक्रिय,लक्जरी कारो में आते है वाहन चोर बेखोफ होकर वारदात को देते है अंजाम

बढ़ता राजस्थान




**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले कस्बे में पिछले कई दिनों से वाहन चोर गिरोह सक्रिय है आये दिन वाहन चोरी हो रहे है। गत दिनों भी बिलावली रोड पारस रेजीडेंसी में एस बी आई में मैनेजर की बाइक चोरी हो गईथी ,जिसका पता नही लग पाया ,दिनांक 15 /5/25 गुरुवार रात्रि को फिर बिलावली रोड पर हुंडई क्रेटा कार का कांच फोड़कर लॉक खोलकर चोरी की कोशिश गाड़ी स्टार्ट नही होने से नाकाम हो गई ,सी सी टी वी कैमरे में घटना कैद हुई ,जिसमे अज्ञात चोर स्विफ्ट कार में सवार होकर आए थे ,जिन्होंने करीब 35 ,40 मिनिट तक बेखोफ होकर गाड़ी स्टार्ट कर लेजाने का प्रयास किया।लेकिन सफल नही हो सके।वाहन चोर कार से या दो पहिया वाहनों से आते है और वारदात को अंजाम देते है। कस्बे में आने के वाले रास्तों पर तलावली टोल व रोजाना टोल नाको के सीसी टीवी कैमरे खराब पड़े है पुलिस विभाग द्वारा भी कई बार कैमरे को सुचारू रूप से चालू रखने के लिए पाबंद किया गया है।लेकिन टोल कर्मियों ने इसे गंभीरता से नही लिया कैमरे पुलिस की तीसरी आँख है ,टोल नाको पर से आने जाने वालों वाहनों की निगरानी नही हो पाती है।

# ग्राम सूरजपुरा पांडोली स्टेशन में हनुमान महाराज की मूर्ति स्थापना कर ध्वज दंड व कलश चढ़ाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के ग्राम सूरजपुरा पाण्डोली स्टेशन में रविवार प्रातः चेतनदास महाराज के सानिध्य में नवनिर्मित जैसलमेरी पत्थर से निर्मित बालाजी मन्दिर पर हनुमान महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर ध्वजादण्ड एवं कलश चढ़ाया गया। उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खंडेलवाल पांडोली स्टेशन ने बताया कि हनुमान महाराज की मूर्ति स्थापना से पूर्व गांव में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।यहां धार्मिक अनुष्ठानों हेतु विशेष रूप से तैयार की गई झोपड़ी में हवन-यज्ञ आदि धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। इधर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं को कृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन कर बताया गया कि सच्ची मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी होनी चाहिये।इस दौरान सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सहयोग करने वाले भामाशाहों का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत कर ग्रामीणों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के अंत में भक्तों एवं श्रद्धालुओं में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे स्थापित




बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। राजस्थान में बदलते मौसम की भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से, जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने आज पक्षियों के लिए परिंडे स्थापित किए।इस कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं सहयोग रही प्रज्ञा गोयल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को भी पानी की उतनी आवश्यकता है जीतने की हमें है इसी उद्देश्य के साथ पक्षी परिंडे लगाए गए हैं। इस अवसर पर, सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों पर भी परिंडे लगाए स्थापित करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिले। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अंशुल भंडारी, पूर्व अध्यक्ष एवं जॉन डायरेक्टर ख्याति भंडारी, जॉन कोऑर्डिनेटर श्वेता भंडारी कोषाध्यक्ष कविता नुवाल, उपाध्यक्ष उमा माहेश्वरी, एकता जैन, रानू खंडेलवाल, शालिनी अरोड़ा, अमीषा अरोड़ा और नीलम जैन की सक्रिय भागीदारी रही।




# श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले आफताब को सजा कब

ठीक 3 साल पहले, तारीख 18 मई 2022, दिल्ली के महरौली में रहने वाले आफताब और श्रद्धा का झगड़ा हो गया। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में थे। गुस्से में आफताब ने श्रद्धा का गला घोंटकर मर्डर कर दिया। रात भर डेडबॉडी के साथ ही रहा। इंटरनेट पर लाश ठिकाने लगाने के तरीके सर्च करता रहा। अगली सुबह घर से निकला, मार्केट से एक बड़ा फ्रिज और आरी खरीदकर लौटा। श्रद्धा की लाश के 35 टुकड़े किए और फ्रिज में रख दिए। फिर धीरे-धीरे उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंकता रहा।

## हर सुनवाई में लाई जाती हैं श्रद्धा की हड्डियां, मर्डर का औजार और फ्रिज

अब तीन साल बाद, तारीख 18 मई 2025, श्रद्धा मर्डर केस दिल्ली के साकेत कोर्ट में है। अभी गवाहियां चल रही हैं। इस दौरान आफताब बार-बार वकील बदलता रहा। चेहरे पर कोई पछतावा नहीं। पुलिस से जुड़े सोर्स बताते हैं कि वो कोर्ट में बिल्कुल चुप रहता है। सिर्फ अपने वकील से बात करता है। हाथ में हमेशा केस की चार्जशीट होती है। केस की अपडेट जानने के लिए श्रद्धा का केस लड़ रहीं वकील सीमा कुशवाहा से बात की। वे बताती हैं कि कोर्ट में फिलहाल केस की सबसे अहम कड़ी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह की गवाही हो रही है। आफताब ने उनके सामने ही श्रद्धा के 35 टुकड़े करने की बात कबूल की थी। उधर, श्रद्धा और आफताब जिस फ्लैट में रहते थे, वो अब भी बंद है।

### कुल 212 गवाह, 169 की गवाही हो चुकी

सीमा कुशवाहा बताती हैं, श्रद्धा मर्डर केस के ट्रायल का अभी सबसे क्रूशियल टाइम है। कोर्ट में इस वक्त गवाह की जगह वो शख्स खड़ा है, जो इस केस का पिलर है। केस के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह। 169 गवाहों की गवाही हो चुकी है। इनकी गवाही फरवरी के आखिर से शुरू हुई थी और अभी कुछ और तारीखें पड़ेंगी।'

'इस वक्त कोर्ट में श्रद्धा के निर्दयता से मर्डर की कहानी, हर सबूत, हर गवाह के साथ एक तरह से दोबारा सुनाई जा रही है। इस गवाही के जरिए कोर्ट मेन और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में लिखी हर बात और दर्ज सबूत से दोबारा गुजर रहा है।


### 3 साल बाद आ रही फैसले की घड़ी

एडवोकेट सीमा कुशवाहा कहती हैं, 'हम कन्क्लूजन के काफी करीब खड़े हैं। मेन और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में 212 गवाहों के नाम हैं। सभी अहम लोगों की गवाही हो चुकी है। अब जो गवाह बाकी हैं, उनमें ज्यादातर ऐसे हैं, जिनसे कुछ से एफिडेविट लिया जाएगा। उन्हें कोर्ट में आने की जरूरत नहीं है। 'आरोपी आफताब पूनावाला के डिफेंस लॉयर ने जानबूझकर इस केस को लंबा खींचा। कभी तारीखों पर नहीं आए, तो कभी दूसरे केस का बहाना बनाकर तारीखों में लंबा गैप करवाया। बिना डिफेंस के लॉयर के किसी गवाह की गवाही पूरी नहीं हो सकती।

### आफताब को सजा दिलाने में राम सिंह सबसे अहम कड़ी

सीमा कुशवाहा आगे कहती हैं, इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर राम सिंह अहम कड़ी हैं। उन्होंने ही आफताब से पूछताछ की थी और उससे श्रद्धा के 35 टुकड़ों का सुराग हासिल किया था। अब तक जितने गवाहों की गवाही हुई, उनमें सबसे लंबी गवाही राम सिंह की ही है। फरवरी के आखिर से उनकी गवाही शुरू हुई थी और अब तक पूरी नहीं हुई है। अब तक जिस तरह से गवाही चल रही है, उससे लगता है कि 2-3 तारीखें और लगेंगी। इसके बाद डिफेंस का लॉयर उनसे क्रॉस क्वेश्चन करेगा। 'इसे ऐसे समझिए इस केस में अब तक इकट्ठा तथ्यों, सबूतों और गवाही को राम सिंह के जरिए फिर सुना जा रहा है। इन्वेस्टिगेशन के जरिए सामने आई मर्डर की पूरी कहानी तथ्यों के साथ विस्तार से न सिर्फ सुनी जा रही है, बल्कि हर तथ्य पर डिफेंस का लॉयर सवाल भी करेगा।'

## केस के 5 सबसे बड़े सबूत



1. श्रद्धा की हड्डियां, इनका DNA टेस्ट किया गया, सैंपल श्रद्धा के पिता से मैच करवाया, रिपोर्ट पॉजिटिव आई



2. लास्ट सीन ऑफ थ्योरी, इससे पता चलता है कि श्रद्धा को लास्ट टाइम उसी घर में देखा गया, इसके बाद वो कहीं नहीं दिखी




3. साल 2020 में मुंबई के बसोई थाने में श्रद्धा ने आफताब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसमें लिखा है कि श्रद्धा ने कहा था आफताब हमेशा उसे धमकाता है, उसके टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी देता था, गला दबाकर मारने की कोशिश की, ये रिपोर्ट आफताब के क्रिमिनल कंडक्ट और उसकी प्लानिंग के बारे में बताती है
4. फॉरेंसिक रिपोर्ट
5. आफताब का नार्को टेस्ट



(श्रद्धा का केस लड़ रहीं वकील सीमा कुशवाहा के मुताबिक)

## श्रद्धा मर्डर केस



तारीख : 18 मई, 2022

आफताब अमीन पूनावाला ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या कर दी



दोनों दिल्ली के महरौली में किराए पर रह रहे थे, आफताब दो दिन डेडबॉडी के साथ ही रहा

इस दौरान गूगल पर डेडबॉडी ठिकाने लगाने के तरीके खोजता रहा



19 मई को मार्केट गया और 300 लीटर का फ्रिज लेकर लौटा, एक आरी भी खरीदी

श्रद्धा की डेडबॉडी के 35 टुकड़े करके फ्रिज में रख दिए, रात में उन्हें छतरपुर के जंगलों में फेंकता रहा

14 नवंबर 2022 को पुलिस ने आफताब को अरेस्ट किया, उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया



9 मई 2023 को आफताब पर हत्या का आरोप तय किया गया, तभी से केस की सुनवाई चल रही है

### हर सुनवाई में लाई जाती हैं श्रद्धा की बोन्स, मर्डर का औजार और फ्रिज

एडवोकेट सीमा कुशवाहा कहती हैं, सुनवाई का प्रोसिजर होता है कि उस केस की प्रॉपर्टी हर बार कोर्ट लाई जाती है। इस केस में श्रद्धा की बोन्स, फ्रिज, चाकू और दूसरे सामान कोर्ट में हर बार लाए जाते हैं। केस का छोटे से छोटा सबूत भी कोर्ट में लाया जाता है। इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर से हर चीज एग्जामिन करवाई जाती है।

### डिफेंस लॉयर के गवाहों में आफताब और श्रद्धा का कॉमन फ्रेंड भी

सोर्स के मुताबिक, 'इस केस में आफताब के लॉयर ने अब तक करीब 8 गवाहों के एफिडेविट जमा किए हैं। इसमें श्रद्धा और आफताब का एक कॉमन फ्रेंड भी है। उसके नाम का खुलासा नहीं किया जा सकता है, लेकिन ये दोनों का खास दोस्त है। इन सबकी लिखित में गवाही जमा की गई है। कोई भी कोर्ट में फिजिकली पेश नहीं हुआ है। जरूरत पड़ने पर इन्हें कोर्ट में लाया जाएगा।'

### क्रूरता की पूरी कहानी

#### श्रद्धा के टुकड़े किए, चेहरा जलाया, फिर टुकड़े जंगल में फेंकता रहा

आफताब और श्रद्धा पहली बार मुंबई में मिले थे। फिर साथ रहने लगे। 2019 में नयागांव में रहे। अक्टूबर 2020 में वसई में फ्लैट किराए पर लिया। दोनों जगह आफताब ने श्रद्धा को पत्नी बताया था।

8 मई 2022 को दोनों दिल्ली आए। यहीं छतरपुर में फ्लैट किराए पर लिया। 18 मई को झगड़े के बाद आफताब ने श्रद्धा का मर्डर कर दिया। लाश का चेहरा जलाया, जिससे कोई पहचान न सके।

पूछताछ में उसने बताया कि श्रद्धा की लाश काटने के दौरान वो बीयर पीता रहा। जोमैटो से खाना मंगाकर खाता रहा। अगले 18 दिन तक रोज रात को 12 बजे निकलता और लाश के टुकड़े छतरपुर के जंगल में फेंक आता। कुछ हड्डियां बड़ी थीं, तो उन्हें ग्राइंड करके फेंका।

आफताब ने कबूल किया है कि उसे श्रद्धा के शव के टुकड़े करने में करीब 10 घंटे लगे थे। उसने एक घंटे तक सभी टुकड़ों को पानी से धोया। इसके बाद पॉलिथीन में बंद कर फ्रिज में रख दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि दिल्ली में आकर रहने से पहले श्रद्धा और आफताब हिमाचल प्रदेश के कसौल गए थे और यहां भी होटल के भीतर उनका झगड़ा हुआ था।


### मोबाइल और पैसे ट्रांसफर करने से पकड़ में आया आफताब

आफताब शुरुआत में पुलिस को चकमा देता रहा। हालांकि बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करके फंस गया। मानिकपुर पुलिस ने 3 नवंबर 2022 को उसका लिखित बयान लिया, तब तक पुलिस केस पर काफी काम कर चुकी थी। उसके पास श्रद्धा के मोबाइल की लोकेशन और बैंक ट्रांसफर का डेटा था। श्रद्धा की हत्या 18 मई की रात करीब 10 बजे की गई थी, लेकिन उसका मोबाइल फोन 26 मई को बंद हुआ। पुलिस के मुताबिक 22 से 26 मई के बीच आफताब ने श्रद्धा के अकाउंट से अपने अकाउंट में 54 हजार रुपए ट्रांसफर किए थे। आखिरी बार श्रद्धा का मोबाइल बंद हुआ, तो उसकी लोकेशन दिल्ली में छतरपुर में ही थी।

#### पुलिस के कब्जे में फ्लैट, मालिक की पिटीशन रद्द

श्रद्धा का मर्डर जिस फ्लैट में हुआ, वो अब तक पुलिस के कब्जे में है। केस प्रॉपर्टी होने की वजह से उसे मालिक को नहीं दिया जा रहा है। फ्लैट मालिक ने इसके लिए एक पिटीशन भी लगाई थी कि फ्लैट का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। फ्लैट को किराए पर न उठा पाने की वजह से लाखों का नुकसान हो चुका है। पुलिस ने फ्लैट न देने के पक्ष में तर्क दिया कि ये केस की अहम प्रॉपर्टी है। केस खत्म होने तक इसे नहीं देना चाहिए। कोर्ट ने पुलिस के तर्क को माना और फ्लैट मालिक की पिटीशन रद्द कर दी।

# राजकुमार राव बोले- मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, उन्होंने अगर मुझे चुना है तो मेरी तरफ से शुक्रिया



**बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने बहुत कम समय में अपनी बड़ी पहचान बना ली है। इन दिनों वह फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं।**

### आपने कभी महसूस किया है कि कोई घटना या सिचुएशन देख कर आपको लगा हो कि ये तो पहले भी मेरे साथ हो चुका है?

मेरे साथ हुआ है। मुझे लगता है कि बहुत लोगों के साथ ऐसा होता होगा। उसका एक टर्म देजा वू नाम से है, लेकिन हमारी फिल्म उस विषय पर नहीं है। ये टाइम लूप पर है कि एक लड़के की 29 को हल्दी है और 30 को शादी है। वो उस 29 तारीख में फंस कर रह गया और हर रोज जब वह उठता है तो 29 तारीख होती है। ये हमारी फिल्म का कॉन्सेप्ट है। लेकिन मेरे साथ जिंदगी में एक-दो बार ऐसा हुआ है, जब मुझे लगता है कि ये सब पहले मेरे साथ हो चुका है।

### आप फिल्म में सरकारी नौकरी के लिए बहुत परेशान नजर आते हैं। आपके पिता भी सरकारी नौकरी में थे, तो क्या आपके ऊपर कभी सरकारी नौकरी करने को लेकर दबाव था?

(हंसते हुए) सरकारी जॉब करने का दबाव तो कभी नहीं आया, क्योंकि स्कूल के समय से ही ये सोचा हुआ था कि ऐक्टिंग करनी है, फिल्मों में जाना है। लेकिन मैं ये जानता हूं कि हमारे देश में सरकारी नौकरी का क्या महत्व है। सरकारी नौकरी बहुत मायने रखती है। इस फिल्म में भी लड़की के पापा कहते हैं कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ, लड़की तुम्हारी। तो मैं जानता हूं कि आम परिवार में सरकारी नौकरी का मिलना कितना महत्व रखता है।

### आप दिल्ली आए हैं, तो कैसा लग रहा है?

यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। जब हम बड़े हो रहे थे, उसके मुकाबले तो आज शहर का माहौल काफी बदल गया है। लेकिन दिल तो अभी भी दिल्ली में है। दिल दिल्ली का ही है, क्योंकि शुरू के 21 साल मैंने यहीं बिताए हैं, मंडी हाउस में खूब थियेटर किया है। बहुत सारी खूबसूरत यादें हैं दिल्ली की। आईटीओ से लेकर मंडी हाउस तक कई चीजें जहन में हैं। ये रूट से तो मैं रोज गुजरता था, मैं यहां का चप्पा-चप्पा जानता हूं।

### आप नए-नए जोनर को ट्राई कर रहे हैं। तो अब आप अपने करियर को किस तरह देख रहे हैं?

मुझ पर भगवान का बहुत आशीर्वाद रहा है, क्योंकि बहुत सारे लोग मुंबई शहर में ऐक्टर बनने के लिए आते हैं, तो अगर भगवान ने मुझे चुना है तो उसमें मेरी तरफ से सिर्फ शुक्रिया और धन्यवाद ही है। पहली फिल्म से ही मेरी ये कोशिश रही है कि ऐसा काम करूं कि कभी टाइपकास्ट ना हो सकूं, ना ही कभी खुद को एक बॉक्स में डला हुआ महसूस करूं। हर तरह के रोल और कहानी करते रहे। हर तरह के जोनर का एक्सप्लोर करूं और अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करना है, क्योंकि ये मीडियम ही डायरेक्टर्स का मीडियम है। हम तो ऐक्टिंग करते हैं, फिल्म को तो डायरेक्टर ही बनाते हैं। आगे भी मेरा ऐसा ही प्लान है। नई-नई चीज करता रहा हूं, इसलिए मुझे कभी भी बोरिंग जैसा अहसास नहीं होता है।

### वामिका और करण शर्मा दोनों ही आपकी काफी तारीफ करते हैं। तो आप इतनी तारीफ को कैसे देखते हैं?

(हंसते हुए) मैं दोनों की तरफ से खुद के लिए तारीफ सुनने के बाद नीचे देखने लगता हूं। दोनों खुद इतने अच्छे इंसान और टैलेंटेड हैं, तो मजा आता है जब आप इतने अच्छे लोगों के साथ काम करते हैं। सब बहुत रियल हैं, मिलकर अच्छी फिल्म बनाना चाहते हैं, और उस प्रोसेस को एंजॉय करना चाहते हैं।

### आज हम देख रहे हैं कि फिल्म के प्रमोशन सीमित होते जा रहे हैं, मेकर्स कम शहरों में जाते हैं, लेकिन आप देश के कोने-कोने में जा रहे हैं। कैसा अनुभव है?

लोगों से जाकर मिलना, उनसे मिलकर बात करना, ये काफी अच्छा अनुभव है। लोगों को आपकी फिल्म का ट्रेलर कैसा लगा ये आपको उनके बीच जाकर ही समझ आएगा। आप इंस्टाग्राम पर बैठकर ये चीजें नहीं समझ सकते हैं।

# सुनील शेट्टी ने सी-सेक्शन डिलीवरी को बताया आरामदायक

## बेटी अथिया की नॉर्मल डिलीवरी को दिया साहसी करार; यूजर्स बोले- कुछ तो शर्म करो

एक्टर सुनील शेट्टी हाल ही में नाना बने हैं। नाना बनने के बाद से उनकी खुशी छिपाए नहीं छिप रही है। एक्टर ने बेटी अथिया शेट्टी की मदरहुड जर्नी पर बात की। इस दौरान उन्होंने डिलीवरी के लिए नेचुरल तरीका चुनने के लिए अथिया की तारीफ की। साथ ही सिजेरियन डिलीवरी पर अपनी राय रखते हुए उसे कंफर्ट का मामला बता दिया। सी-सेक्शन को लेकर उनकी की गई टिप्पणी पर सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए हैं। यूजर्स इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए, एक्टर को आउटडेटेड और असंवेदनशील बताया है।

### हर कोई सी-सेक्शन चाहता है

सुनील कहते हैं- 'आज के समय में जहां हर कोई आराम से सिजेरियन डिलीवरी से बच्चे को जन्म देना चाहता है, उसने ऐसा न करके नॉर्मल डिलीवरी को विकृप चुना। मुझे याद है कि अस्पताल में हर नर्स और पेडिट्रिशियन ने कहा था कि वो जिस तरह पूरी प्रक्रिया से गुजरी, वो अविश्वसनीय है।' इंटरनेट पर कई लोगों को यह कमेंट पसंद नहीं आया। क्रिटिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टर की आलोचना शुरू कर दी। एक यूजर ने तंज करते हुए लिखा, 'सी-सेक्शन का आराम! यह नया है!' एक दूसरे यूजर ने लिखा, इसमें गर्व करने वाली क्या बात है? इस तरह या उस तरह, बच्चा सुरक्षित होना चाहिए, मां सुरक्षित होनी चाहिए। बर्थ जर्नी सी-सेक्शन या नॉर्मल डिलीवरी के बारे में नहीं है। शर्म आती है उन लोगों पर जो अभी भी ऐसा सोचते हैं। एक यूजर ने लिखा- केवल एक पुरुष ही यह सोचने का साहस कर सकता है कि सी-सेक्शन एक आराम है।

### अथिया की पेरेंटिंग देख हैरान हैं सुनील

डिलीवरी के दौरान अथिया की ताकत देखकर वह कितने प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, एक पिता के तौर पर यह बात मुझे बहुत प्रभावित कर गई।' सुनील ने बताया कि किस तरह पेरेंटिंग के लिए अथिया का शांत अप्रोच ने उन्हें हैरान कर दिया है। वो कहते हैं- 'वह बिल्कुल शानदार है। हर पिता अपनी बेटियों को छोटी बच्ची ही समझता है। मैंने भी ऐसा ही सोचा था। मुझे लगा था कि क्या वह मदरहुड को संभाल पाएगी, लेकिन वह अविश्वसनीय है! जिस तरह से उसने इस नई लाइफ को अपनाया है, चीजों को संभाला है और अपनी डिलीवरी को अंजाम दिया है, उससे मुझे बहुत गर्व महसूस होता है।' उन्होंने यह भी बताया कि अथिया के साथ उनकी डिजिटल बातचीत अब पेरेंटिंग के इर्दगिर्द होती है। उनका इंस्टाग्राम फीड पूरी तरह से बच्चों के बारे में है। अब वो अथिया को बच्चों की देखभाल वाली रील भेजते हैं। वहीं, अथिया उन्हें ग्रैंड पेरेंट्स और ग्रैंड चिल्ड्रेन के बॉन्ड के बारे में रील भेजती रहती है।

# बाबिल खान ने करियर से लिया ब्रेक: बहस के बाद साई राजेश की फिल्म छोड़ी, रोते-बिलखते इंडस्ट्री को कहे थे अपशब्द, फिल्ममेकर से हुआ था झगड़ा

कुछ समय पहले ही बाबिल खान का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो रोते-बिलखते फिल्म इंडस्ट्री को अपशब्द कह रहे थे। इसके कुछ देर बाद बाबिल की टीम ने सफाई दी थी कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया है। इस पर फिल्ममेकर साई राजेश भड़क गए। उन्होंने बाबिल को फटकार लगाई, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। अब विवादों के बीच बाबिल ने अनाउंस कर दिया है कि वो फिल्मों से ब्रेक ले रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने साई राजेश की फिल्म भी छोड़ दी है। बाबिल खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म से हटने पर कहा है, काफी हिम्मत, जुनून और आपसी सम्मान के साथ मैंने और साई राजेश सर ने इस जादुई यात्रा में कदम रखा था। दुर्भाग्य से अलग तरह की स्थिति पैदा होने के चलते चीजें वैसी नहीं हुईं, जैसा सभी ने प्लान किया था। क्योंकि मैं कुछ समय का ब्रेक ले रहा हूं, इसलिए मैं साई राजेश सर और उनकी टीम को इस सफर के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मैं जानता हूं कि हमारे बीच बहुत प्यार है और हम भविष्य में जल्द ही मिलेंगे और मैजिक क्रिएट करेंगे।

वहीं दूसरी तरफ साई राजेश ने भी बाबिल के फिल्म से हटने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। उन्होंने लिखा है, मैं जितने भी एक्टर्स से मिला हूं, बाबिल उनमें से सबसे हार्डवर्किंग और टैलेंटेड एक्टर हैं, लेकिन मुझे रियलिटी की ये दुर्भाग्य बात को अपनाना ही होगा। फिल्म की तैयारी के दौरान बाबिल के साथ समय बिताने का मौका मिला, इतने टेलेंटेंड एक्टर के साथ काम करके बहुत खुश था। मैं हमेशा उन्हें अपने सामने परफॉर्म करते हुए देखने के एक्सपीरियंस को संजो कर रखूंगा। मुझे अपने हीरो की याद आएगी। मैं खुद की देखभाल करने के लिए उनके फैसले का सम्मान करता हूं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं और ढेर सारा प्यार भेजता हूं। मुझे पता है कि हम दोनों मिलकर वो जादू जरूर बनाएंगे।

### सरेआम हुई थी बाबिल-साई राजेश की बहस

दरअसल कुछ समय पहले ही बाबिल का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वो बुरी तरह रोते हुए फिल्म इंडस्ट्री के लिए अपशब्द कह रहे थे। इसके बाद उनकी टीम की तरफ से स्टेटमेंट जारी कर बताया गया था कि बाबिल तारीफ कर रहे थे, लेकिन उनके शब्दों को गलत तरह लिया जा रहा है। इस स्टेटमेंट के बाद साई राजेश ने एक पोस्ट शेयर कर लिखा, क्या आपको लगता है कि हम इतने भोले हैं कि चुपचाप निकल जाएंगे।



रश्मिका मंदाना संग शादी पर विजय देवरकोंडा का रिएक्शन:बोले

# मुझे अभी पार्टनर की तलाश नहीं, हालांकि वो बहुत खूबसूरत और मेहनती हैं

**साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ छपता रहता है। हाल ही में विजय और रश्मिका की सगाई की खबरें भी आई थीं। अपने हालिया एक इंटरव्यू में विजय ने सगाई की अफवाहों, शादी और रश्मिका को लेकर बात की है।**

### रश्मिका को बताया खूबसूरत और मेहनती


फिल्मफेयर मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना के बारे में बात करते हुए विजय ने उन्हें मेहनती बताया। उन्होंने कहा- मैंने रश्मिका के साथ ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। मुझे उनके साथ और फिल्में करनी चाहिए। वो एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वो एक खूबसूरत महिला हैं इसलिए केमिस्ट्री में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वह बहुत मेहनती हैं। वो अपने इच्छा और कॉन्फिडेंस से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वो दयालु हैं और अपने ऊपर बाकियों के आराम और खुशी को प्रायोरिटी देती हैं।

### फिलहाल शादी का कोई इरादा नहीं है

इंटरव्यू के दौरान रश्मिका को डेट करने की बात पर विजय ने ना तो इसे खारिज किया और ना ही स्वीकार किया। शादी की बात पर एक्टर ने कहा- मैं शादी जरूर करूंगा। फिलहाल मैं पार्टनर की तलाशा नहीं कर रहा हूं। विजय से जब पूछा गया कि क्या रश्मिका उनकी आदर्श पत्नी के पैमाने में फिट बैठती हैं? एक्टर ने जवाब में कहा- कोई भी अच्छी दिल वाली महिला इस पैमाने में फिट बैठती है।

### अक्सर साथ नजर आते हैं रश्मिका-विजय

रश्मिका और विजय को अक्सर साथ देखा जाता है। दोनों को कई बार डेट पर जाते देखा गया है। जिसके चलते दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियली एक्सेप्ट नहीं किया है। रश्मिका मंदाना हाल ही में फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ नजर आई थी। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म रिलीज होने के कुछ घंटे बाद रश्मिका को मुंबई के एक रेस्टोरेंट में रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ देखा गया था। ऐसा कहा जा रहा था कि दोनों लंच डेट पर गए थे। हालांकि दोनों ने खुद कभी अपने रिश्ते की बात नहीं स्वीकारी है। दोनों एक-दूसरे को बस अच्छा दोस्त बताते हैं।




# ऋतिक, आमिर और विवेक ने नहीं की ये फिल्म

## फिर आया सैफ अली खान का नंबर और उनको मिल गया नेशनल अवॉर्ड

साल 2004 में आई रोमांटिक फिल्म हम तुम में सैफ अली खान का किरदार आज भी लोगों को याद है, लेकिन सैफ इस फिल्म के पहले चॉइस नहीं थे। हाल ही में डायरेक्टर कुणाल कोहली ने एक इंटरव्यू में बताया कि इस रोल के लिए पहले ऋतिक रोशन, आमिर खान और विवेक ओबेरॉय से बात हुई थी।

### रोल पहले ऋतिक को ऑफर हुआ

कुणाल कोहली ने एक इंटरव्यू में बताया, सबसे पहले हम ऋतिक के पास गए। ऋतिक से मेरी दोस्ती थी। इसलिए पहले उन्हीं के पास गए। उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी और कहा कि मुझे स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई, बहुत शानदार है। ऋतिक ने कहा कि मुझे ये स्क्रिप्ट बहुत पसंद है। फिर ऋतिक ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं ये रोल निभा पाऊंगा। कुणाल कोहली ने आगे बताया कि ऋतिक ने साफ-साफ कहा कि मैं ये रोल नहीं निभा पाऊंगा। अभी मैं सही मानसिक स्थिति में नहीं हूं। क्या आप एक-दो साल रुक सकते हैं? मेरी कुछ फिल्में रिलीज हो जाएं, उसके बाद देखूंगा। ऋतिक ने ये भी कहा कि मेरी कुछ फिल्में आने वाली हैं और मुझे पता है कि वो नहीं चलेंगी। मैं अभी बहुत खराब फेज में हूं। फिर ऋतिक ने कहा कि अगर आपको कोई और मिल जाए, तो उसी के साथ फिल्म बना लेना।

### आमिर को भी स्क्रिप्ट दी गई

इसके बाद आमिर खान को स्क्रिप्ट सुनाने की कोशिश की गई, लेकिन उस वक्त वो रीना दत्ता से अलग होने की वजह से परेशान थे। उन्होंने साफ कह दिया कि वो स्क्रिप्ट सुनने की हालत में नहीं हैं।

### विवेक ओबेरॉय से भी बात हुई

कुणाल कोहली ने बताया कि फिर विवेक ओबेरॉय से बात हुई। उन्होंने पहले फिल्म के लिए हां कहा और डेट्स भी दीं, लेकिन बाद में स्क्रिप्ट में बदलाव की मांग करने लगे।

### कुणाल ने सैफ को सही माना

फिर इसके बाद आदित्य चोपड़ा ने कुणाल कोहली से कहा कि आप सैफ अली खान के बारे में क्यों नहीं सोचते? कुणाल कोहली ने कहा कि मैंने 5 सेकंड में फिल्म के हर सीन में सैफ को सोच लिया और कहा कि वो तो शानदार लगेगा, लेकिन मैंने पूछा कि सैफ के साथ बनाओगे? उनकी कोई सोलो हीरो हिट फिल्म नहीं है। जिस पर आदित्य चोपड़ा ने कहा कि सैफ अली खान पर मुझे भरोसा है। कुणाल कोहली ने यह भी बताया कि मुझे याद है कि फिल्म रिलीज वाले हफ्ते ऋतिक और सुजैन ट्रायल पर आए थे। सुजैन को फिल्म बहुत पसंद आई। ऋतिक ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि सैफ ने ये किया। वो बिल्कुल सही चॉइस थी, मुझसे भी बेहतर। ऋतिक ने कुणाल कोहली से ये भी कहा कि मेरी भी फिल्म आ रही है, नहीं पता क्या होगा, लेकिन आपकी तो सुपरहिट है। बता दें कि हम तुम ना सिर्फ हिट रही, बल्कि सैफ को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





उम्र थका नहीं सकती ठोकरें गिरा नहीं सकती, अगर जीत हो जीतने की तो परिस्थितियां भी हरा नहीं सकती।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# गाजा में इजराइली हमला- एक दिन में 125 की मौत

## 2 महीने बाद सबसे बड़ा हमला; राहत शिविरों को भी निशाना बनाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइली सेना ने रविवार को गाजा में कई इलाकों में हवाई हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इन हमलों में एक दिन में 125 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। पिछले 2 महीनों में यह इजराइल का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले 18 मार्च को इजराइल के हमले में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। बीते 4 दिनों से गाजा पट्टी में इजराइल ने हमले तेज कर दिए हैं। इन 4 दिनों में अब तक लगभग 400 लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को 'गिदोन चैरियट्स' मिलिट्री ऑपरेशन की शुरुआत की थी।

इजराइल का कहना है कि वह तब तक अपना ऑपरेशन जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजराइल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजराइली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा।





## ऑपरेशन सिंदूर- पाकिस्तान की पोल खोलेगा 59 सदस्यों का डेलिगेशन

### इनमें 51 सांसद-नेता, 8 राजदूत, 33 देश जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार देर रात 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा।

डेलिगेशन कब रवाना होगा, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, डेलिगेशन के 23 या 24 मई को भारत से रवाना होने की बात कही जा रही है। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया है। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य हैं। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल हैं। सभी डेलिगेशन में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि को रखा गया है। चाहे वह राजनेता हो गया राजदूत हो। कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अमेरिका सहित 5 देश जाने वाले डेलिगेशन की कमान सौंपी गई है।

ग्रुप 1 की कमान भाजपा सांसद बैजयंत पांडा, ग्रुप 2 की जिम्मेदारी भाजपा के रविशंकर प्रसाद, ग्रुप 3 जेडीयू के संजय कुमार झा, ग्रुप 4 शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, ग्रुप 5 शशि थरूर, ग्रुप 6 डीएमके सांसद कनिमोझी और ग्रुप 7 की जिम्मेदारी एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले के हाथ है। केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ङ्ग पोस्ट में लिखा- एक मिशन, एक संदेश, एक भारत। 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से मिलेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

## 13 वर्षीय रेप विक्टिम ने बच्ची को जन्म दिया : गुजरात हाईकोर्ट ने 33 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत दी थी

बढ़ता राजस्थान

**राजकोट (एजेंसी)।** राजकोट में रविवार को दुष्कर्म पीड़ित 13 वर्षीय मासूम ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। खेलने-कूदने की उम्र में मां बनी इस बच्ची के साथ उसके ही चचेरे भाई और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया था। बच्ची को 33 हफ्ते का गर्भ था और 12 मई को गुजरात हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की अनुमति दी थी। मेडिकल कॉम्प्लीकेशन के चलते हुई डिलीवरी गुजरात हाईकोर्ट ने गर्भपात की इजाजत दी थी, लेकिन मेडिकल कॉम्प्लीकेशन की वजह से डिलीवरी करानी पड़ी। बच्ची के पेट में पल रहे भ्रूण का वजन दो किग्रा था। इसके अलावा नाबालिग एनीमिया से ग्रस्त है। ऐसे में उसकी जान जा सकती थी। ऐसे में डॉक्टर्स को अबॉर्शन की जगह सिजेरियन का सहारा लेना पड़ा। गौरतलब है कि यह देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने गर्भावस्था के सबसे ज्यादा हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी थी। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी थी। बच्ची की मां ने की थी दूसरी शादी महाराष्ट्र की एक महिला का 2022 में तलाक हो गया था। महिला के दो बच्चे भी थे। इसके बाद उसने राजकोट में रहने वाले एक युवक से दूसरी शादी कर ली थी।

## मिथुन चक्रवर्ती को बीएमसी ने भेजा नोटिस

### गैरकानूनी तरीके से निर्माण करने के आरोप, हो सकती है कार्रवाई, एक्टर बोले- हम जवाब भेज रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** एक्टर और पॉलिटिशियन मिथुन चक्रवर्ती को हाल ही में बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन) की तरफ से लीगल नोटिस जारी किया गया है। आरोप हैं कि मिथुन चक्रवर्ती ने मलाड स्थित प्लॉट पर अवैध निर्माण करवाया है। नोटिस में ये भी साफ किया गया है कि अगर प्रॉपर्टी मालिक की तरफ से संतुष्ट करने वाला जवाब नहीं मिलता है तो अवैध निर्माण को गिराया जाएगा और कानूनी कार्रवाई होगी। हालांकि मिथुन ने इन खबरों को बेबुनियाद बताया है। 10 मई को नगर निगम ने 101 प्रॉपर्टी की सूची बनाई है, जो अवैध हैं। इनमें मलाड स्थित एरंगल गांव के हीरा देवी मंदिर के पास स्थित वो प्लॉट भी शामिल है, जिसके मालिक मिथुन चक्रवर्ती हैं।

## न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागीय प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# जनहित और विकास योजनाओं से जुड़े प्रकरणों की न्यायालय में प्राथमिकता से की जाए प्रभावी पैरवी : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के समग्र कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रही है। हम राज्य की चहुंमुखी प्रगति के लिए जनकल्याणकारी विकास योजनाओं का निर्बाध संचालन सुनिश्चित कर रहे हैं। इनमें विधिक कारणों से किसी प्रकार की रूकावट ना आए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों में प्रभावी रूप से पक्ष रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को समय पर राहत मिले और सरकार पर उनका भरोसा और अधिक मजबूत हो इसके लिए सभी अधिकारीगण अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्ण निर्वहन करें। शर्मा ने कहा कि विधिक कार्यों में राज्य सरकार की ओर से संसाधनों की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर न्यायालयों में लंबित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन का हित ही हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। इसलिए जनकल्याण से जुड़े प्रकरणों की न्यायालयों में प्राथमिकता से पैरवी की जाए। ऐसे महत्वपूर्ण प्रकरणों में राज्य सरकार की तरफ से प्रभावी ढंग से पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता स्तर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में उच्चस्थ अदालतों में अपील की आवश्यकता हो उनमें राज्य सरकार की ओर से समय पर अपील की जाए।



### पेंडेंसी कम करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य तय कर की जाए कार्यवाही-

शर्मा ने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन ऐसे मामले जो एक से अधिक विभागों से संबंधित हैं उनके लिए संबंधित विभाग आपसी सहयोग एवं निरंतर समन्वय के साथ विधिक कार्यवाही करें। इसके लिए सक्षम स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए जो इन विभागों और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य को गति दें। शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर भी समन्वय हेतु अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट केसेज की पेंडेंसी कम करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य तय कर कार्यवाही की जाए। विभाग पेंडिंग केसेज को प्राथमिकता के आधार पर श्रेणीवार विभाजित करें और और अधिक महत्वपूर्ण मामलों में त्वरित कार्यवाही करें।

### लंबित प्रकरणों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग हो सुनिश्चित-

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में विभाग की तरफ से नियुक्त अधिकारीगण प्रकरणों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। ये अधिकारी न्यायालय में पैरवी के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के साथ निरंतर संपर्क में रहते हुए उन्हें आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध करवाएं जिससे इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। उन्होंने विभागों के शासन सचिवों को निर्देश दिए कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चाधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से अधिवक्ताओं के साथ चर्चा कर प्रकरण से संबंधित विभिन्न पहलूओं से उन्हें अवगत कराएं।



### भर्ती संबंधी प्रकरणों का विधिक परीक्षण कर शीघ्र करें निस्तारण

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य है। इसलिए न्यायालय में लंबित भर्ती संबंधी प्रकरणों का विधिवत परीक्षण करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर भी नियम बनाते समय विस्तृत विधिक परामर्श लिया जाए जिससे भर्ती प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। शर्मा ने कहा कि विकास योजनाओं से संबंधित भूमि के लंबित प्रकरणों में अदालत से हुए स्थगन आदेशों को प्रभावी पैरवी के साथ निरस्त करवाया जाए जिससे इन प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, विभिन्न अतिरिक्त महाधिवक्तागण एवं संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में गर्मी का अलर्ट, झालावाड़ में बरसात; छत गिरने से मां-बेटी दबी

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार को तेज गर्मी का असर दिखा। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने पहुंचे दर्शक गर्मी से बेहाल हो गए और स्टेडियम से बाहर लौट गए। वहीं दोपहर बाद झालावाड़ में मौसम बदला और बारिश हुई।बारिश के चलते एक मकान की छत गिर गई, जिससे मां-बेटी भी घायल हो गई। प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़ के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। इधर, शनिवार रात भरतपुर जिले में आंधी की वजह से कच्चे मकान की दीवार गिर गई। साथ ही कई जगह पोल और पेड़ भी धराशायी हो गए। रविवार को जयपुर में जोधपुर, बाड़मेर और जैसलमेर से ज्यादा गर्मी रही। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले चार दिन प्रदेश में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।



### झालावाड़ में 20 मिनट तक बारिश

झालावाड़ में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और आंधी चलने लगी। इस बीच करीब 20 मिनट तक बारिश का दौर चला। बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं इलाके के मोटर गैराज इलाके में समीर शर्मा के मकान के ?एक हिस्से की छत भरभरा कर नीचे गिर गई। इस हादसे में यहां किराए पर रहने वाले विनोद कुमार की पत्नी ज्योति और बेटी अर्पिता घायल हो गई।

### तेज गर्मी में बिना जूते-चप्पल के भक्त पहुंचे खाटू धाम

तपती सड़क औ दोपहर में भी बाबा श्याम के भक्तों की आस्था डिगी नहीं। रविवार को सीकर में जहां सीजन का सबसे अधिक तापमान 44.5 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं खाटूश्यामजी में भक्तों का अटूट विश्वास देखने को मिला।

## ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो

### सेना बोली- पाकिस्तान की जिन चौकियों से गोली चली, हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने रविवार को एक नया वीडियो जारी किया। जिसमें बताया गया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में मिट्टी में मिला दिया गया। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच आज ष्ठत्रस्रू स्तर की बातचीत नहीं होगी।

सेना ने बताया कि 12 मई को दोनों देशों की बातचीत में जो सीजफायर पर सहमति बनी थी, उसकी कोई आखिरी तारीख तय नहीं की गई है। यह समझौता आगे भी जारी रहेगा। इधर, डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने राहुल गांधी के विदेश मंत्री पर लगाए आरोपों पर कहा कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इनकार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। विदेश मंत्रालय ने भी राहुल के आरोपों पर सफाई दी और कहा- विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने ऑपरेशन शुरू होने के बाद की बात की थी, न कि पहले की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर पर कहा था,



हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को जानकारी देना अपराध है। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से माना है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
**Office**
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com